वर्ष- 21 अंक - 247 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

## मप्र सहित तीन राज्यों में साम्प्रदायिक तनाव

# जबलपुर में दुर्गा मंदिर में आरती और मस्जिद में नमाज के बीच भड़की हिंसा

### मंदिर की ग्रिल तोड़ी, जमकर पथराव, कई संदिग्ध गिरफ्तार

जबलपुर ● एजेंसी

**जबलपुर जिले की सिहोरा तहसील में कल रात दुर्गा मंदिर में आरती और मस्जिद में नमाज के दौरान दो समुदायों के लोग आपस में भिड़ गए। यहां दोनों गुटों में जमकर पथराव हुआ। मंदिर की ग्रिल भी तोड़ दी गई। पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसूगैस के गोले छोड़कर भीड़ को तितर-बितर किया। पुलिस ने इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार भी किया है। पथराव से कुछ लोग घायल भी हुए हैं।**

रात को करीब नौ बजे मंदिर में लाउडस्पीकर पर आरती हो रही थी। उसी समय कुछ लोग मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे, तभी दोनों पक्षों के युवकों के बीच विवाद शुरू हो गया। कुछ लोगों ने नारेबाजी कर वातावरण दूषित करने का प्रयास किया। इसी दौरान एक युवक ने दुर्गा मंदिर की ग्रिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह देखकर युवक भड़क गए, उनके बीच मारपीट होने लगी। कुछ ही देर में दूसरे पक्ष के कई युवक आए और मंदिर परिसर में घुसने लगे। इसके बाद विवाद ने उग्र रूप ले लिया। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस बीच दूसरे पक्ष ने पथराव कर दिया। लगभग 10 मिनट तक हंगामा होता रहा। अचानक हुए पथराव और हमले से भगदड़ की स्थिति बन गई।





### कर्नाटक में मस्जिद से जुलूस पर फेंके गए पत्थर

कर्नाटक के बागलकोट में मस्जिद के सामने से निकल रही शिवाजी जयंती यात्रा के दौरान सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया। हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि मस्जिद से एक पत्थर उड़कर आया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए स्थिति को संभाला और जुलूस को आगे के लिए रवाना कर दिया, लेकिन इसके कुछ ही देर बाद कथित तौर पर हिंदू कार्यकर्ताओं ने मस्जिद के बाहर खड़े ठेलों में आग लगा दी।

### हैदराबाद में भी तनाव

हैदराबाद के अंबरपेट में मस्जिद के सामने से शिवाजी जयंती का जुलूस गुजर रहा था। उसी वक्त मस्जिद में रमजान की नमाज चल रही थी। जुलूस के दौरान तेज संगीत और नारेबाजी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई। विवाद शुरू होने के बाद मौके पर फौरन पुलिस पहुंची और भीड़ को हटाया गया।

# पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने फिर लगाया ट्रंप को मक्खन

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल पर युद्ध से तबाह गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए गठित बोर्ड ऑफ पीस की पहली बैठक में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी शामिल हुए। शहबाज शरीफ ने इस बैठक में भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मक्खन लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शहबाज शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत से युद्ध रुकवाने वाले दावों को सही ठहराया है। शरीफ ने ट्रंप को मक्खन लगाते हुए कहा है कि आप सही मायनों में साउथ एशिया के रक्षक हैं।



### बैठक में भारत भी शामिल

गाजा संकट पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल 'बोर्ड ऑफ पीस' की पहली बैठक में भारत ने गुरुवार को पर्यवेक्षक (Observer Nation) के रूप में हिस्सा लिया। भारत इस पहल का औपचारिक सदस्य नहीं है, लेकिन वॉशिंगटन डीसी में आयोजित बैठक में नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया गया।

### ईरान पर हमले की तैयारी में ट्रंप, ब्रिटेन ने रोका रास्ता

शुक्रवार.एजेंसी। राष्ट्रपति ट्रंप ईरान को नई परमाणु संधि के लिए मजबूर करने हेतु 'टू-फेज' सैन्य हमले की योजना बना रहे हैं। पहले चरण में सीमित हवाई हमले होंगे, और यदि ईरान नहीं माना, तो शासन पलटने के उद्देश्य से व्यापक युद्ध शुरू किया जाएगा। उधर ब्रिटेन की कीएर स्टार्मर सरकार ने ईरान पर संभावित हमलों के लिए ब्रिटिश वायु सेना के ठिकानों का इस्तेमाल करने के अमेरिकी अनुरोध को ठुकरा दिया है। इस फैसले के बाद ब्रिटेन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ने की आशंका है।

## हवा में उड़ने वाली ट्रेन में बैठेंगे योगी

**लखनऊ.एजेंसी। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी 22 फरवरी से सिंगापुर और जापान दौरे पर जाने वाले हैं। जापान में वे 600 किमी रफ्तार वाली मैग्लेव ट्रेन में 100 किमी की परीक्षण यात्रा करेंगे। यह ट्रेन पारंपरिक रेल की तरह पटरी पर नहीं दौड़ती, बल्कि चुंबकीय शक्ति के सहारे पटरी से ऊपर हवा में तैरते हुए चलती है।**

## सेना के काफिले को उड़ाने का प्रयास नाकाम

**बारामूला.एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के जनबाजपोरा इलाके में भारतीय सेना की 46 राष्ट्रीय राइफल्स ने एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस का पता लगाकर बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। समय रहते की गई कार्रवाई से एक संभावित बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि इसी रास्ते से सेना का एक काफिला गुजरने वाला था।**

### आज राहुल गांधी कोर्ट में होंगे हाजिर?

**सुल्तानपुर.एजेंसी। राहुल गांधी आज सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश होंगे। यह मामला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी से जुड़ा हुआ है। कोर्ट में राहुल गांधी सीआरपीसी की धारा 313 के तहत अपना बयान दर्ज कराएंगे।**



### फुटसल खेलते-खेलते गिरे सांसद की मौत

**शिलॉन्ग.एजेंसी।** मेघायल की राजधानी शिलॉन्ग के सांसद रिकी एंड्रयू जे सिंगकों का निधन हो गया। वे शिलॉन्ग में फुटसल खेलते समय अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### मोहन भागवत जिस वंदे भारत से मेरठ पहुंचे उस पर पथराव

**मेरठ.एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत जिस वंदे भारत एक्सप्रेस से मेरठ पहुंचे, उस पर हरदोई में पथराव किया गया। पत्थरबाजी से ट्रेन की एक खिड़की का शीशा टूट गया, लेकिन भागवत सुरक्षित हैं।

### इमरान खान को दो बार मिला 'डील' का ऑफर

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के करीबी सहयोगी और राजनीतिक मामलों के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने खुलासा किया है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को दो बार 'डील' का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन दोनों बार बातचीत बेनतीजा रही, क्योंकि इमरान खान मौजूदा सरकार को हटाकर खुद सत्ता में वापसी चाहते हैं।

### दो दिन में 16,000 रुपए महंगी हुई चांदी

**शुक्रवार.एजेंसी।** लगातार गिरावट के बाद चांदी और सोना के दाम फिर बढ़ने लगे हैं। पिछले दो दिनों में चांदी करीब 16000 रुपए महंगी हो गई और चांदी के दाम 2 लाख 44 हजार रुपए पहुंच गए। इसी तरह सोना आज बढ़त के साथ 1,55,386 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया।

### भाजपा का मेयर प्रत्याशी कांग्रेस में शामिल

**भिवंडी.एजेंसी।** महाराष्ट्र के भिवंडी में बीजेपी के मेयर पद के उम्मीदवार एकनाथ चौधरी ने बीजेपी छोड़कर कांग्रेस के साथ हाथ मिला लिया है। इस वजह से वहां का राजनीतिक समीकरण बदल गया है।

### ट्रंप के एक इशारे पर खड़े हुए पाक प्रधानमंत्री

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** वॉशिंगटन के बोर्ड ऑफ पीस कार्यक्रम में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और ट्रंप की मुलाकात का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ट्रंप ने शहबाज को कहा, तो शहबाज शरीफ तुरंत अपनी सीट से खड़े हो गए।

# धावक छात्राओं का रिटर्न टिकिट कन्फर्म नहीं -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस संगठन महासचिव संजय बाकलीवाल ने बताया कि बैंगलुरु से इंदौर का सफर 45 घंटे का ट्रेन से हैं, क्रॉस कंट्री दौड़ में शामिल होने जा रही छात्राओं का जाने का टिकिट तो कन्फर्म हो गया है, लेकिन रिटर्न टिकट कंफर्म नहीं हुआ है। बाकलीवाल ने कहा कि वेटिंग में रिटर्न टिकट होने के कारण छात्राओं के अभिभावकों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई हैं। अभिभावक अपने बच्चों को बैंगलुरु भेजने में सोच विचार कर रहे हैं। सबसे बड़ा कारण यह है कि बैंगलुरु से इंदौर का सफर 45 घंटे का है। ऐसे में रिटर्न टिकट कंफर्म नहीं होने से लड़कियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। परेशान अभिभावक कांग्रेस प्रदेश संगठन महासचिव, जो रेलवे की झेडआरयूसीसी, मुंबई के सदस्य भी हैं संजय बाकलीवाल के पास पहुंचे और उन्हें अपनी परेशानी से अवगत कराया। बाकलीवाल ने तुरंत देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के कुलगुरु राकेश सिंघई से उनके मोबाइल पर समस्या के समाधान के लिए चर्चा की।

कांग्रेस संगठन महासचिव बाकलीवाल ने आगे बताया कि कॉलेज छात्राओं के अभिभावकों ने उन्हें बताया कि 45 घंटे के सफर में लड़कियों का टिकट कंफर्म नहीं होने से भारी परेशानी हो सकती है। बाकलीवाल ने छात्राओं के अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि वे रिटर्न टिकट कंफर्म करने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। साथ ही रेलवे के अधिकारियों को पत्र लिखकर भी इस ओर ध्यान आकर्षित कर जल्द से जल्द टिकट कंफर्म करवाने के लिए आग्रह करेंगे। साथ ही यह भी कहा कि देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए ताकि खेल प्रतिभाएं उभर कर सामने आ सकें।



# प्राकृतिक आपदा वाले क्षेत्र में किया निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देपालपुर, राऊ एवं सांवेर विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में हुई आकस्मिक एवं असामयिक वर्षा से किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय दौरा कर प्रभावित ग्रामों में खेतों तक पहुँचकर वास्तविक स्थिति का निरीक्षण शंकर लालवानी ने किया।



# महापौर और एमआईसी सदस्य ने दिए प्रमाण-पत्र

## ताइक्वांडों ब्लेक बेल्ट परीक्षा हुई थी आयोजित

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बालाजी ताइक्वांडो क्लब द्वारा ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा का सफल आयोजन किया गया, जिसमें कुल 70 बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की। क्लब ने सभी को निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया था। क्लब की छात्रा मिशीता अग्रवाल ने खेलो इंडिया कीक बोक्सिंग की बेस्ट टीम प्रतियोगिता में रजत पदक भी जीता था। अब वे मार्च में चेन्नई में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगी। आयुष चौहान, वीरेन्द्र पंवार, रवि जैन के अलावा महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पार्षद ओमप्रकाश आर्य, अभिषेक शर्मा बबलू, अश्विनी शुक्ला ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए संस्था के पदाधिकारियों के साथ इन 70 बच्चों को प्रमाण-पत्र दिए।

# कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

## मामला मालवा सहकारी शुगर कारखाना बरलाई जमीन के नामांतरण विरोध का





इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सांवेर विधानसभा स्थित बरलाई सहकारी शुगर कारखाने की जमीन मध्यप्रदेश औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा अधिग्रहण किए जाने के विरोध में इन्दौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, मोतीसिंह पटेल के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजन जोरदार नारे लगा रहे थे। गौरतलब है कि मालवा सहकारी शुगर कारखाना बरलाई (शिप्रा) की 30.133 हेक्टेयर भूमि के नामांतरण के लिए औद्योगिक एवं निवेश और प्रोत्साहन विभाग द्वारा एसडीएम कार्यालय सांवेर पर आवेदन किया था एसडीएम कार्यालय सांवेर से एक विज्ञप्ति निकाली गई, जिसमें नामांतरण में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर आपत्ति दर्ज कराने के निर्देश जारी किए। अंश धारक किसान परिवारजन एवं कांग्रेस पार्टी के द्वारा इंदौर सहकारी दुग्ध के पूर्व अध्यक्ष मोतीसिंह पटेल नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय में विज्ञप्ति की समय सीमा के अंदर नामांतरण एवं निर्माण कार्य रोकने के संबंध में आपत्ति दर्ज करवा दी गई है। इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा कि आपत्ति दर्ज करवाने के बाद भी मालवा सहकारी शुगर कारखाने की जमीन पर निर्माण कार्य जारी हैं। अंशधारक किसान परिवारजन और कांग्रेस ने म.प्र. औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा कारखाने की भूमि का नामांतरण रोकने, अंशधारक सदस्यों को उनके अंश के अनुपात में भूमि दी जाए या आज के बाजार भाव से उचित मुआवजा दिये जाने, बिना अनुमति के हो रहे निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने तथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई और कहा कि 3 दिन के अंदर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी अंशधारक किसानों के साथ उग्र आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी। इस अवसर पर सत्यनारायण पटेल, मोतीसिंह पटेल, दौलत पटेल, सदाशिव यादव आशीष चौरसिया, जीतू ठाकुर रजत पटेल, बंटी राठौर, रीटा डांगरे, रुकमणी निनामा, उमराव सिंह मौर्य, दिनेश मल्हार, मनीष पटेल, नरेंद्र मंडलोई, जीतू दरबार, यशवंत आंजना, सुनेर सिंह सोलंकी, सत्यनारायण जाट,संतोष ठाकुर आदि मौजूद थे।

# श्वान नसबंदी योजना में भ्रष्टाचार पर हो कार्रवाई -कांग्रेस

## योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक आनंद जैन कासलीवाल ने कहा कि आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या और रेबीज जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या को देखते हुए वैज्ञानिक नसबंदी एवं टीकाकरण कार्यक्रम आवश्यक हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट कहा कि श्वान को अंधाधुंध मारना समाधान नहीं है, बल्कि मानवीय और वैज्ञानिक तरीके से श्वान की आबादी नियंत्रण ही उचित मार्ग है। मध्यप्रदेश में भी इस उद्देश्य से बजट प्रावधान और योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। किन्तु विभिन्न शहरी निकायों में इन योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप सामने आ रहे हैं कि नसबंदी जैसी जनहित योजनाओं में भी कमीशनखोरी और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें हैं। यदि किसी योजना की स्वीकृति, टेंडर प्रक्रिया या भुगतान में अवैध 'कट' की मांग की जाती है, तो यह न केवल प्रशासनिक विफलता है बल्कि जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ भी है। यह मामला केवल व्यक्तिगत स्तर का नहीं, बल्कि व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही का प्रश्न है। भ्रष्टाचार की प्रवृत्ति तब पनपती है जब निगरानी तंत्र कमजोर हो और कार्रवाई का भय समाप्त हो जाए। साथ ही, सार्वजनिक स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं की प्राथमिकताओं पर संतुलन आवश्यक है। रेबीज नियंत्रण के लिए संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है, परंतु स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता और बुनियादी शहरी ढांचे की समस्याएं भी समान रूप से गंभीर हैं। यदि योजनाएं कागजों में पूरी और जमीन पर अधूरी रह जाएं, तो इसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ता है। हम मध्यप्रदेश सरकार एवं संबंधित विभागों से मांग करते हैं कि श्वानों की नसबंदी एवं टीकाकरण योजनाओं की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। सभी टेंडर, भुगतान और प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। दोषी अधिकारियों एवं संबंधित पक्षों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाए। शहरी निकायों में जवाबदेही तंत्र को मजबूत किया जाए, ताकि जनहित योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हों। जनता का धन जनता के हित में ही व्यय होना चाहिए। आवश्यक है कि 'जनहित' शब्द केवल दस्तावेजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर वास्तविक परिणामों में दिखाई दे। उक्त पूर्ण जानकारी प्रदेश प्रवक्ता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ आनंद जैन कासलीवाल ने दी।

# शिवसेना ने निकाली 'शिवाजी जय घोष यात्रा'



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर शिवसेना द्वारा शिवाजी जय घोष यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भ्रमण करती हुई शिवाजी वाटिका पहुंची, जहां शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शिवसैनिक शामिल हुए। जय भवानी–जय शिवाजी के जयघोष लगाए। धनराज दामके,परमजीतसिंह मेकन, मनीष शिंदे, राजेश मराठा, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, सुनील सोलंकी, संजय कलमें, चंदन कायस्थ, बंसी सोनगिरा, प्रवीण गुरु,शंकर चौहान, राम चाकरे, सुनील रावल, विकास चौहान,अमन ग्रेवाल सहित अन्य मौजूद थे। उक्त जानकारी धनराज दामके ने दी।



# बजरबट्टू के लिए हटेंगे मेट्रो काम के लिए लगे पतरे

## 7 मार्च को होगा बजरबट्टू, मंत्री विजयवर्गीय बजरबट्टू बन शोभायात्रा में निकलेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



**फिलहाल ऐसे लगे हैं पतरे**

**मल्हारगंज थाना के सामने और तम्बोली बाखल रोड पर मेट्रो द्वारा फिलहाल पतरे लगाकर आधा रोड बंद कर दिया गया है, ऐसे में बजरबट्टू के लिए इन पतरों को हटाया जाएगा।**

रंगपंचमी के एक दिन पहले 7 मार्च को मल्हारगंज क्षेत्र में बजरबट्टू कवि सम्मेलन का आयोजन होना है। कई कवियों द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा। इससे पहले शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। यात्रा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बजरबट्टू बनकर किसी रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम स्थल पर मेट्रो द्वारा फिलहाल पतरे लगा दिए गए है, उन्हें कार्यक्रम के लिए हटाया जाएगा।

शहर में कई वर्षों से रंगपंचमी के एक दिन पहले बजरबट्टू कवि सम्मेलन का आयोजन होता है। खजूरी बाजार स्थित चुन्नीलाल धर्मशाला से मल्हारगंज थाना तक शोभायात्रा निकाली जाती है। यात्रा में मंत्री विजयवर्गीय कोई रुप धारण कर बजरबट्टू बन शामिल होते है। यात्रा का समापन मल्हारगंज थाना के सामने होगा जिसके बाद देर रात कवि सम्मेलन शुरू होगा। कार्यक्रम आयोजक अशोक चौहान चांदू ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर ही मेट्रो द्वारा काम किया जा रहा है इसके लिए आधे रोड पर पतरे भी लगा दिए गए है। इन पतरों को लेकर मेट्रो कम्पनी के कर्ताधर्ताओं से चर्चा की गई है। उन्होने बताया कि 5 मार्च को कार्यक्रम के लिए इन पतरों को हटवा दिया जाएगा। जिसके बाद कार्यक्रम होने पर इन्हें फिर लगाया जाएगा। आयोजन से जुडे अजय लाहोटी ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है। कवि सम्मेलन में सत्यनारायण सत्तन, जगदीश सोलंकी, मुन्ना बैटरी, दिनेश देशी घी, शशिकांत यादव सहित कई कवि काव्य पाठ करेंगे।

### विजयवर्गीय का रूप बताने वालों को ढाई लाख

इस कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बजरबट्टू बनते है और वे किसी भी रूप में तैयार होकर आते है, विजयवर्गीय इस वर्ष कौन सा रूप धारण करेंगे यह आयोजकों द्वारा पहले से नहीं बताया जाता है। चौहान ने बताया कि विजयवर्गीय का रूप पहले बताने वाले को ढाई लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा।

# विजयवर्गीय के 26 जगह कांग्रेस आज जलाएगी पुतले

## इस्तीफे की मांग, सद्‌बुद्धि की गुहार भी लगेगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि जिस तरह से कल विधानसभा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बयान देकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का अपमान किया और उसी के बाद प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश भर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुतला जलाने की बात कही। आज शहर कांग्रेस अपने 24 ब्लॉक अध्यक्षों के माध्यम से ब्लॉक के मुख्य चौराहों पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलवाएगी। वहीं शहर और जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रही दोनों नेत्रियां भी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाएगी। चौकसे ने कहा कि वे खुद माँ अहिल्या के निवास क्षेत्र राजवाड़ा पर मौजूद रहेंगे।

राजवाड़ा की जिम्मेदारी रोहित जोशी को दी गई है, यहां चिंटू चौकसे के साथ पिंटू जोशी और अन्य कांग्रेसी भी मौजूद रहेंगे। चौकसे ने बताया कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय हमेशा उलजुलूल बयान देते हैं और किसी को कुछ वे समझ नहीं रहे हैं। विधानसभा जैसी जगह पर नेता प्रतिपक्ष से इस तरह की भाषा का इस्तमाल कर बात करना ठीक नहीं है। इस मुद्दे पर खुद मुख्यमंत्री ने खेद प्रकट किया है। विजयवर्गीय ने अपने बयान पर माफी नहीं मांगी है और पूर्व में भी वे वरिष्ठ पत्रकार से अनर्गल बात कर चुके हैं। चौकसे ने कहा कि भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व हमेशा विजयवर्गीय के बयान को अनदेखा करते हैं इसी कारण विजयवर्गीय भाजपा के राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं की शह पर इस तरह का विवादित बयान देते हैं। आज कांग्रेस 24 ब्लॉक के अलावा दो महिला नेत्रियों के हाथों पुतला जलेगा। पुतला दहन स्थल पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफा की मांग की जाएगी। साथ में विजयवर्गीय को सद्‌बुद्धि देने की गुहार भी होगी, वहां नारे भी लगाए जाएंगे, जिससे आवाज भाजपा के राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व के पास पहुंचे। यह सारे पुतला दहन का आयोजन एक साथ कांग्रेस 4 बजे ब्लॉक के प्रमुख चौराहों पर करेगी। कांग्रेस का कहना है कि खेद प्रकट करने से काम नहीं होगा, क्योंकि विजयवर्गीय की आदत ही गलत उद्बोधन की हो चुकी है। अब कांग्रेस केवल एक ही लक्ष्य पर है कि मंत्री पद से विजयवर्गीय को हटाओ। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खेद प्रकट किया और यहां तक कि विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर को भी बोलना पड़ा कि मुझे पटवाजी याद आ गए हैं। कुल मिलाकर विजयवर्गीय का बयान पूर्व के बाद वर्तमान विधानसभा का भी चर्चा में आ गया है और कांग्रेस इस मौके को छोड़ना नहीं चाहती है।

## कांग्रेस का हल्ला बोल-पोल खोल अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

राजीव विकास केन्द्र प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस नेता देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार का खजाना खाली है उसके बाद भी अलग-अलग घोषणाएं की जा रही है। इस पर यादव ने कहा कि सरकार कर्जा लेकर घी पीना बंद करें। मुखौटा लगाकर हल्ला बोल पोल खोल जन जागरण अभियान चलाया गया। यह आयोजन कांग्रेस ने छत्रीबाग चौराहा, छोटी ग्वालटोली रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर चलाया। कांग्रेसियों ने हल्ला बोल - पोल खोल में हाथों में तख्तियां ले रखी थी, जिसमें लिखा था हमारी भूल - कमल का फूल। सरकार के बजट को भी कांग्रेसियों ने प्रदर्शन के दौरान गलत बताया। यह भी कहा कि भागीरथपुरा में कई मौते हो गई है, फिर भी सरकार ने पानी पर बजट बढ़ाया नहीं। नितीश भारद्वाज, प्रतीक मित्तल, महेंद्रसिंह यादव, नासिर खान, रविकांत सैनी, लक्ष्मण खत्री, लवेश यादव, सावन सिलावट, आकिब खान, नरेश राय, चंदन रोस्टर, चंदन बैरागी, रामगोपाल मौर्य, कमल बघेल, राजू शर्मा, कमल राणे, विजय गोंडले, रतन वाधवानी, रईस खान, रमेश इंगले, तालीम खान, गुलजार खान सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## भाजपाई पहुंचे संघ के 100 वर्ष होने पर फिल्म देखने



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। राष्ट्रीय सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आरएसएस की यात्रा पर बनी फिल्म शतक को देखने भाजपाई पहुंचे। भाजपा नेता शैलेन्द्र महाजन ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इस शतक फिल्म को टैक्स-फ्री करने की मांग भी की गई। कल विशेष शो पीवीआर मल्टीप्लेक्स में हुआ। शैलेन्द्र महाजन, मनीष सोनकर, आचार्य पंडित भवानी शंकर शास्त्री, पवन भार्गव, अमित बकलीवाल, अवधेश रायकवार, प्रतीक जोशी, अजीत राठौर, सुधीर अग्रवाल, विकास भंडारी, अनिल पाटीदार मौजूद थे। वहीं टीडीके झोडिक माल स्कीम नं. 140 पर भी शो का आयोजन किया गया, इसमें संघ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और भाजपाई पहुंचे। विनीत नवासे, दिनेश गुप्ता, प्रांजल, सागर चौकसे, प्रवीण खारीवाल, प्रकाश हिंदुस्तानी, राकेश राठौर, महेंद्र सोनगरा, पीयुष पारे उपस्थित थे।

## सांसद पहुंचे सारडा के लिए कुशलक्षेम पूछने



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। लोक संस्कृति मंच सांसद शंकर लालवानी से जुड़े समाजसेवी दिलीप सारडा के स्वास्थ्य हाल जानने उनके निवास पर सांसद शंकर लालवानी पहुंचे और कुशलक्षेम भी पूछे।

# आलोचना के बाद पैदल घूमने निकले महापौर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



पिछले दिनों वार्ड भ्रमण के दौरान गाड़ी से घूमने को लेकर हुई आलोचना के बाद आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव रामबाग के वार्ड में पैदल घूमने के लिए निकले। उन्होंने पैदल घूमते हुए नागरिकों से मुलाकात की और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

भार्गव द्वारा आज जनता चौपाल विधानसभा तीन के वार्ड 57 में लगाई। उसके पहले वार्ड में विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सुरेश टाकलकर, अभिषेक शर्मा बबलू, भावेश दवे सहित निगम के झोनल अधिकारी, नागरिक उपस्थित रहे। इस निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों के द्वारा स्थानीय विकास कार्यों में धीमी गति का जिक्र महापौर से किया गया। जिस पर महापौर द्वारा झोनल अधिकारी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि महिला उद्बोधन को लेकर फिर भाजपा का अंदरुनी कलह सामने दिखाई दे रहा है, जिस महिला ने महापौर से वार्ड 84 में प्रश्न किए थे वह महिला गौड़ खेमे की बताई गई उसी के बाद महापौर खेमे के कुछ लोगों ने पूर्व सभापति और भाजपा नगर अध्यक्ष रहे कैलाश शर्मा को बाल्टी भरकर पान बाहर निकालते वाले चित्र पर पलटवार भी किया। कुल मिलाकर महापौर और विधायक खेमा अब खुलकर आमने-सामने नजर आने लगा है।

# 12 फीट जगह के लिए तोड़ा बीआरटीएस कॉरिडोर 6 फीट चौड़ा बना दिया सेंट्रल डिवाइडर

## सी-21 मॉल के पास तेजी से बनाया जा रहा सेंट्रल डिवाइडर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

बीआरटीएस को तोड़कर नगर निगम द्वारा सेंट्रल डिवाइडर का निर्माण लोटस चौराहा से विजयनगर तक किया जा रहा है। बीआरटीएस सड़क को मिक्स लेन के वाहनों को अधिक जगह उपलब्ध हो सके इसके लिए तोड़ा गया था। जब बीआरटीएस तोड़ा गया तो कल 12 फीट की जगह कॉरिडोर हटाने से मिली, जिससे सड़क बहुत चौड़ी दिखाई देने लगी। वाहन चालकों को बड़ी और चौड़ी सड़क मिली तो वाहन अनियंत्रित होने लगे और जाम की स्थिति बनने लगी। जिसको रोकने के लिए नगर निगम ने बीआरटीएस पर सेंट्रल डिवाइडर बनाना शुरू कर दिया है, लेकिन यह 6 फीट चौड़ा है। अब सवाल उठता है कि मिक्स लेने में वाहनों को अतिरिक्त जगह केवल 6 फीट की मिल रही है क्योंकि बची हुई 6 फीट जगह में सेंट्रल डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है। मात्र 6 फीट जमीन के लिए करोड़ों रुपए के बीआरटीएस कॉरिडोर को तोड़ा गया।

मामले में जनकार्य समिति के प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि बीआरटीएस पर एक छोर की रैलिंग हटाई जा चुकी है, और सेंट्रल डिवाइडर का निर्माण तेजी से किया जा रहा है ताकि यातायात नियंत्रित एवं दुर्घटनाएं नहीं हो। जहां पर एलिवेटेड ब्रिज की प्लानिंग की जा रही है वो हिस्सा फिलहाल छोड़ दिया गया है, बचे हुए हिस्से में डिवाइडर वॉल बनाने का काम शुरू कर दिया है। जनकार्य समिति के प्रभारी राठौर ने बताया कि जल्द ही बीआरटीएस के दूसरे छोर की रैलिंग भी हटाई जाएगी इसके लिए टेंडर बुलाए जा रहे हैं। इस बार टेंडर शर्त और बीआरटीएस तोड़ने के बाद बचे हुए मटेरियल की कीमत विशेषज्ञ एजेंसियों से लगवाई जाएगी। इसके हिसाब से ठेका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारे पास फिलहाल दो विकल्प हैं बीआरटीएस से निकलने वाले मटेरियल को ठेकेदार को दिया जाए या फिर केवल तोड़ने का काम करवा कर बचा हुआ मटेरियल निगम खुद बेच या फिर इसका रीयूज किया जाए। जल्द ही निर्णय लेकर बीआरटीएस की दूसरी छोर की जालियां भी हटा दी जाएगी। खजराना निवासी वाहीद खान का कहना कि इंदौर के लोग बीआरटीएस को लेकर पूछ रहे हैं कि जब इतना चौड़ा सेंट्रल डिवाइडर ही बनाना था तो फिर बीआरटीएस कॉरिडोर को क्यों तोड़ा गया। बने हुए कॉरिडोर को तोड़कर नए सेन्ट्रल डिवाइडर बनाने पर पैसा खर्च किया जा रहा है।



## मंडी में भीगा अनाज

बीते दो दिनों से मौसम के अचानक बदलने के कारण फसलों को तो नुकसान है ही वहीं अनाज मंडियों में रखा अनाज भी गीला हो गया है। शहर की छावनी और लक्ष्मीबाई नगर की अनाज मंडी में खुले में रखा अनाज भींग गया जिससे व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है। बताते है कि जो अनाज गीला होता है उसे कम दामों में बेचा जाता है और ज्यादा खराब अनाज शराब बनाने के काम भी आता है।

# बारिश के बाद सुबह चली हवा ने कंपकंपाया

### घूमने वालों एवं काम पर जाने वालों से लेकर स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों पर सीधा दिखा असर, कई जगह दिखा पानी भरा हुआ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

लगातार दूसरे दिन भी रात को इन्द्र देव बरसात के रूप में आए और मौसम में भी साफ तौर से परिवर्तन आया। कल सुबह के बाद आज सुबह भी ठंडी हवाएं चुभने वाली चलती रही। पानी रूक-रूककर रात से लेकर सुबह तक गिरता रहा, बदली भी नजर आई। आज अलसुबह 33 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार से तेज हवाओं ने घूमने वालों से लेकर काम पर जाने वालों और खासौतर से स्कूल और



कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को ठंड ने कंपकंपा दिया। बारिश और तेज हवाओं के चलते ठंडक का माहौल बना रहा, आज सुबह लोग गर्म कपड़े पहनकर निकले, ज्यादातर लोगों ने गर्म टोपे भी पहनकर रखे थे, कुछ लोगों ने मुंह भी ढंक रखा था। कुछ देर बाद हवाएं भी बंद हुई और धूप भी निकल गई, जिससे ठंड का माहौल खत्म जैसा हो गया। कल रात की बरसात के बाद कई जगह आज सुबह से सड़कों पर जलजमाव नजर आया।

# शहर में पानी का जोरदार संकट

## घर-घर तक पानी पहुंचाने वाली 19 टंकी रही खाली

इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा लिए गए दो दिन के शटडाउन के कारण आज शहर में पानी का जोरदार संकट रहा। घर-घर तक पानी पहुंचाने वाली 19 टंकी पूरी तरह से खाली रही। नगर निगम के द्वारा पहले से ही यह ऐलान कर दिया गया था कि नर्मदा परियोजना में सुधार का थोड़ा काम करने और सौर ऊर्जा के संयंत्र को पानी की मोटर से जोड़ने का काम किया जाना है। इस काम को करने के लिए नगर निगम के द्वारा कल गुरुवार से 2 दिन का शटडाउन लिया गया है। इस शटडाउन के कारण कल डायरेक्ट सप्लाय वाले क्षेत्रों में नलों में पानी नहीं आया। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में शाम के समय नल आते हैं उन क्षेत्रों में भी जलप्रदाय नहीं किया जा सका। आज सुबह के समय पर शहर में 19 टंकी से सप्लाई वाले क्षेत्रों में नल में पानी नहीं आया। लोगों को पानी के परेशानी का सामना करना पड़ा। यह स्थिति आज शाम को और कल सुबह भी बनी रहेगी। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए नागरिकों के द्वारा भी वैकल्पिक स्त्रोतों से अपने पानी की आवश्यकता की पूर्ति के लिए व्यवस्था कर ली गई है। नगर निगम के द्वारा गंभीर समस्या वाले क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

# बरसात ने बढ़ा दी शादी वाले परिवारों की चिंता

## आज और कल है कई शादियां

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**फरवरी माह में मौसम इंसानों की तरह करवट ले रहा है। इसी माह में ठण्ड, गर्मी और बरसात देखने को मिली है। बीती रात भी शहर में बारिश हुई है। इससे पहले बुधवार रात को भी हवा और बूंदाबांदी के दौर हुआ था। दूसरी ओर आज और कल शहर में सैकडों मांगलिक कार्यों के आयोजन है। ऐसे में शादी वाले परिवारों में चिंताएं है।**

वैसे तो फरवरी माह में शादियों के कई मुहूर्त है लेकिन आज और कल बड़ी संख्या में शादियों के आयोजन हो रहे है। हालांकि कल भी शहर में मांगलिक कार्य बहुत से हुए है। रात करीब 1 बजे से बूंदाबांदी का दौर ऐसा शुरू हुआ कि सुबह तक चलता रहा। मौसम की इस करवट से शादी वाले परिवारों के सिर पर चिंता की लकीर नजर आई। दरअसल खुले गार्डन में होने वाले आयोजनों में परेशानियां ज्यादा है। अगर आज दोपहर में धूप तेज खिली तो गार्डन सूख जाएंगे, लेकिन अगर मौसम दिन में भी बूंदाबांदी वाला रहा तो गार्डनों में होने वाले मांगलिक कार्यक्रमों में दिक्कतें होगी।

# हिन्दू फाउण्डेशन ने की बजट की तारीफ

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के पवन हिन्दू ने बताया कि प्रदेश सरकार का बजट विधानसभा में पेश किया गया। संस्था ने अपने पदाधिकारियों के साथ किसान और प्रदेश के हर वर्ग के हित का बजट बताया। किसान हितेषी वर्ष शासन द्वारा घोषित करने पर भी खुशी जाहिर की। पवन हिन्दू, सरदारसिंह मेड़ा, बहादुरसिंह नेताजी, सुरेन्द्र सोलंकी, नीलू अहिरवार, सुरेश जयसवाल, शैलेश बाजपेई, राकेश परमार, बच्चन सेठ, राजा ठाकुर, राजेश तंवर, योगेश पांचाल, गगन यादव, रामस्वरूप गहलोत, रामसिंह मकवाना, शीला गुप्ता, शुभम फालके, अंकित यादव, राहुल यादव, मोनू अग्रवाल, आदित्य हिंदू ने बजट का स्वागत किया।

# बिस्किट कंपनी में धोखाधड़ी, डायरेक्टर गिरफ्तार

## बोर्ड की सहमति के बिना अधिकारों का दुरुपयोग करने का आरोप

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने जीआरवी बिस्किट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर संजय कलवानी को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, मामला कंपनी के शेयर होल्डर दिनेश मनवानी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि कंपनी में कुल 6 सदस्य हैं, जिनमें 2 डायरेक्टर और 4 शेयर होल्डर शामिल हैं। कंपनी के नियमों के मुताबिक, सभी महत्वपूर्ण और वित्तीय निर्णय सामूहिक सहमति से लिए जाने अनिवार्य हैं। आरोप है कि डायरेक्टर संजय कलवानी ने बोर्ड के अन्य सदस्यों को सूचना दिए बिना और उनकी सहमति के बगैर, कंपनी द्वारा जारी अधिकृत 'बोर्ड रिजोल्यूशन' का दुरुपयोग किया और धोखाधड़ी को अंजाम दिया।




# मेट्रो के लिए लगे पतरों ने बढ़ा दी धड़कन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मल्हारगंज थाना के सामने छोटा गणपति पर मेट्रो स्टेशन बनना है। वहीं काम भी चलना है, इसे लेकर रोड डायवर्सन मेट्रो कम्पनी ने पतरा लगाकर कर दिया। दो दिन पहले भी मल्हारगंज में खुदाई करने वाली गाड़ी पहुंची थी तो थाना के सामने विवाद की स्थिति भी बनी थी और अब पतरा लगाने का काम मल्हारगंज एमजी रोड मेन रोड के अलावा तम्बोली बाखल मार्ग पर भी कर दिया गया है। यहां के रहवासियों को मंत्री विजयवर्गीय ने कुछ माह पूर्व आश्वस्त भी किया था, लेकिन स्टेशन की रूकावट नहीं दिखी तो रहवासियों ने धरना, प्रदर्शन भी कई बार किया, जनहित पार्टी ने भी दो दिन पहले धरना-प्रदर्शन कर पेड़ की कटाई रोकने और रहवासी, दुकानदारों को नुकसान नहीं पहुंचाने को लेकर आयोजन किया था। अब इन पतरों ने रहवासी और दुकानदारों की धड़कने बढ़ा दी है कि मेट्रो स्टेशन का काम अब रूकने वाला नहीं है।

# भागीरथपुरा हादसे में सरकार ने मानी 22 मौत

## विधानसभा में कहा 459 लोग हुए भर्ती अभी भी चार का उपचार जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**भागीरथपुरा में हुए दूषित जल हादसे में सरकार ने 22 लोगों की मौत को माना है। उसके साथ ही कहा है कि 459 लोग दूषित जल के सेवन से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किए गए। अभी भी चार लोगों का उपचार जारी है।**

विधानसभा में कल का दिन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सवाल और जवाब के लिए था। भागीरथपुरा का दूषित जल हादसा एक तरफ जहां नगर निगम की नाकामी है तो वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग भी कटघरे में है। इस मामले को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने सवाल के जरिए उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि भागीरथपुरा में लोग दूषित जल के कारण बीमार हो रहे हैं इस बात की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को कब मिली? इसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि विभाग को 29 दिसंबर को इस बात की जानकारी मिली कि वहां पर दूषित जल के कारण लोग बीमार हो रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष के दूसरे सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि इस घटना में 20 लोगों की मौत हुई और 459 लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। इसमें से चार लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के पानी के नमूने और मृत व्यक्तियों के स्टूल की जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि इन व्यक्तियों को कालेरा और ई कोली नामक बीमारी हुई। उपचार के दौरान बाद में दो लोगों की ओर मौत हो गई इस तरह से इस घटना में मरने वालों की संख्या 22 हो गई।

सिंघार ने सदन में कहा कि इस घटना के मरने वालों को सरकार के द्वारा कितना मुआवजा दिया गया है इस पर मंत्री के द्वारा जानकारी दी गई कि हर मृतक के परिवार को 2 लाख रु. की राशि दी गई है। इस जवाब पर नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति ली और उन्होंने कहा कि यदि किसी को सांप काट लेता है तो हम चार लाख रूपए देते हैं और यहां पर भी व्यक्ति ने जान गंवाई है और उसे हम 2 लाख रु. दे रहे हैं यह उचित नहीं है। हमने भी मृतक के परिवार को 50000 रु. दिए हैं। सरकार को कम से कम 4 लाख रु. देना चाहिए।

इसके बाद इस चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि प्रश्न मुआवजे की राशि का नहीं है। आप कह रहे हैं कि चार लाख रुपए देना चाहिए तो सरकार तो 5 लाख रु. भी दे सकती है। हमने इस घटना के प्रति संवेदनशीलता रखी है। इस चर्चा के दौरान कई बार सदन में हंगामा हुआ।

कांग्रेस विधायकों ने की नारेबाजी

इस चर्चा के दौरान सरकार के जवाब से संतुष्ट होकर कांग्रेस के विधायकों ने सदन के गर्भगृह में जाकर नारेबाजी की। विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा बार-बार विधायकों को अपने स्थान पर जाने की अपील की जाती रही। कांग्रेस के विधायक इस घटना को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला का इस्तीफा मांग रहे थे।

# नकली की आशंका में 209 किलो पनीर जब्त

## अलग-अलग जगह से लिए 22 नमूने, होगी जांच

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। होली त्योहार के मद्देनजर प्रशासन का खाद्य विभाग ने तीन दल गठित कर लगातार खाद्य सामग्री की जांच की जा रही है। खाद्य विभाग ने पांच अलग-अलग जगहों से खाद्य पदार्थों के 22 नमूने लिए गए और नकली पनीर की आशंका के चलते 209 किलो पनीर जब्त भी किया। तेजाजी नगर खंडवा रोड स्थित नवशक्ति डेरी और स्वीट्स पर टीम पहुंची तो वहां विशाल गौड़ मिले, यहां से टीम ने पनीर, मावा, घी, मिठाई के 7 सेम्पल भी लिए। क्वालिटी स्वीट्स, रानीबाग खंडवा रोड से मिल्क केक, पेड़ा, मलाई बर्फी, रतलामी सेव, खट्टा मीठा मिक्सचर एवं लौंग सेव के कुल 06 नमूने लिए गए। साथ ही रानीबाग खंडवा रोड स्थित अमृत डेरी से दूध एवं घी के कुल 02 नमूने लिए गए। एक अन्य दल द्वारा पोरवाल मसाला, गली नंबर 10 नंदा नगर, पाटनीपुरा मेन रोड का औचक निरिक्षण किया गया। मौके पर खाद्य अनुज्ञप्ति नहीं पाई गई। मौके से खाद्य सामग्री तुअर दाल, मसूर दाल, चना दाल, उड़द दाल एवं मूंग दाल के कुल 05 नमूने लिये गए। तीसरे दल द्वारा मिठास 365 रेस्टोरेंट, सुदामा नगर का औचक निरीक्षण कर मिल्क केक एवं पनीर के कुल 02 नमूने लिए गए। इस तरह मिलावट की आशंका में 209 किलो पनीर 75 हजार रु. का जब्त भी किया गया। सभी सेम्पलों को प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है, रिपोर्ट के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।







# उद्योग से आ रहा था धुआं थमा दिया चालान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

झोन 1 के सहायक सीएसआई भारत करोसिया ने बताया कि किला मैदान वीआईपी रोड कालका माता मंदिर के समीप इंदर मित्तल इंडस्ट्रीज से धुआं बाहर आ रहा था। इस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम वहां पहुंची। करोसिया और टीम ने जाकर देखा कि उद्योग में लोहे के ड्रेम जिसमें डामर पेंट था उसे जलाया जा रहा था उसी से धुआं बाहर आकर प्रदूषण फैला रहा था। करोसिया ने 10 हजार रु. का चालान स्पॉट पर बनाया। इस मामले में इन्दर सिंह और पूनम सिंह ने काफी प्रयास किए कि चालान नहीं बने इस पर करोसिया ने कहा कि उन्हें आयुक्त और अपर आयुक्त के आदेश है इसलिए चालान तो बनेगा, उलटा करोसिया ने फटकार भी लगाई और कहा कि आगे से इस तरह प्रदूषण खराब किया तो फैक्ट्री को सील कर दिया जाएगा। कार्रवाई में भंवर घावरी, सचिन सिरसिया, नरेंद्र आदिवाल साथ थे।

# छोटा बांगडदा की कॉलोनी के सात प्लाट बेचने की तैयारी में निगम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के द्वारा छोटा बांगड़दा की एक कॉलोनी के सात प्लाट बेचने की प्रक्रिया को शुरू किया गया है। इस कॉलोनी के कॉलोनाइजर के द्वारा कॉलोनी में विकास के कार्य पूरे नहीं किए गए। ऐसी स्थिति में निगम के द्वारा इन प्लाट को बेचकर उससे आने वाली राशि से कॉलोनी के विकास के कार्य को किया जाएगा।**

**कॉलोनाइजर ने नहीं किया विकास पूरा, अब प्लाट बेचकर उसके पैसे से निगम करेगा काम**

नगर निगम की कॉलोनी सेल के अधिकारियों ने बताया कि छोटा बांगडदा की सर्वे क्रमांक 33/2 रकबा 3.047 हेक्टेयर पर कॉलोनी के विकास की अनुमति नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के द्वारा 25 अगस्त 2011 को दी गई थी। यह अनुमति गिरिराज देवकान प्राइवेट लिमिटेड को दी गई थी। इस कंपनी के डायरेक्टर दिनेश खंडेलवाल, राकेश गर्ग, अजय पारीख है। इस कॉलोनी को नगर निगम के द्वारा 13 अप्रैल 2012 को विकास अनुमति जारी की गई थी। नियम के अनुसार विकास अनुमति जारी करने के समय निगम के द्वारा इस कॉलोनी के भूखंड क्रमांक 6 से 12 तक को धरोहर के रूप में बंधक रखा गया था। इन भूखंड का क्षेत्रफल 4504.5 वर्ग मीटर है।

इस कॉलोनी के कॉलोनाइजर के द्वारा कॉलोनी के विकास कार्य अभी तक पूरे नहीं किए गए हैं। ऐसी स्थिति में इंदौर नगर निगम के द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिक कॉलोनी विकास नियम 2021 के उप नियम 17 का उल्लंघन होने के कारण कॉलोनी के भूखंड धारकों के हित में धरोहर में रखे गए बंधक भूखंड को बेचने की प्रक्रिया को शुरू किया गया है। इन भूखंड को बेचने से प्राप्त होने वाली राशि से नगर निगम के द्वारा इस कॉलोनी के अधूरे पड़े विकास कार्य को पूर्ण किया जाएगा। निगम ने इस प्रक्रिया को शुरू करते हुए इन भूखंडों का विक्रय करने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति अगले 15 दिन में बुलवाई है। कॉलोनी के प्लाट धारकों के हित में निगम के द्वारा उठाया जा रहा है यह महत्वपूर्ण कदम है।

# सड़क पर कारोबार करने वाले 22300 लोगों के लोन बैंक में अटके

## केंद्र सरकार की योजना के तहत दिया जाता है इन्हें कर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर में सड़क पर कारोबार करने वाले 22300 लोगों के लोन के मामले बैंक में अटक गए हैं। केंद्र सरकार की योजना के तहत इन लोगों को कर्ज दिया जाता है। अब नगर निगम के द्वारा बैंक के प्रतिनिधियों को इन मामलों का निपटारा करने के लिए कहा गया है।**

पीएम स्व निधि योजना 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा जिले के 29 जिला बैंक समन्वयकों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सिंघल द्वारा पीएम स्व निधि 2.0 के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि चालू वित्तीय वर्ष हेतु लगभग 33,000 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध विभिन्न बैंकों के माध्यम से लगभग 47,300 आवेदन पत्र उपलब्ध कराए गए हैं। बैंक को उपलब्ध कराए गए आवेदन पत्रों में से अब तक लगभग 29,000 हितग्राहियों के आवेदन विभिन्न वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि लगभग 25,000 हितग्राहियों को ऋण राशि का वितरण भी किया जा चुका है। समीक्षा के दौरान आयुक्त ने उपलब्ध कराए गए फॉर्म एवं स्वीकृत प्रकरणों के बीच अंतर तथा स्वीकृत प्रकरणों और वितरित ऋण राशि के मध्य लगभग 4,000 प्रकरणों के अंतर को गंभीरता से लिया। उन्होंने संबंधित बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों में तत्काल कार्यवाई करते हुए स्वीकृत हितग्राहियों के खातों में शीघ्र ऋण राशि अंतरित की जाए, जिससे पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को समय पर वित्तीय सहायता मिल सके।




## उठावना

मेरे अनुज व आगम के पिताजी **श्री सतीश कुमार गोधा** का दिनांक 18.02.26 को देहावसान हो गया जिसका तीसरे का उठावना दिनांक 20.02.26 को प्रातः 9.30 बजे व शोक निवारण प्रातः 10.00 बजे मोदीजी की नसिया बड़ा गणपति मल्हारगंज पर होगा।

**शोकाकुल**
**राजेश पिता स्व.बाबूलालजी गोधा**



# वल्लभकुल परिवार का शुभ यज्ञोपवीत आयोजन

## जयश्रीवल्लभ के उद्घोष से गुंजायमान हुआ वातावरण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** वल्लभकुल परिवार के आंगन में चल रहा सप्तदिवसीय 'श्री शुभ यज्ञोपवीत प्रस्ताव' जयश्रीवल्लभ के गगनभेदी उद्घोष के साथ संपन्न हुआ। इस आध्यात्मिक महोत्सव के अंतिम दिन पूज्यपाद गोस्वामी 108 श्री दिव्येशकुमारजी महाराजश्री के आत्मज चि. प्रियव्रजराय बावाश्री एवं भाणेज चि. श्री सौहार्दजी शर्मा का विधि-विधान के साथ यज्ञोपवीत संस्कार सिद्ध हुआ। सात दिनों तक चले इस आयोजन में संपूर्ण भारत से वल्लभ आचार्य और वैष्णवजन एकत्रित हुए। नित्य श्री गोवर्धननाथजी मंदिर में विविध मनोरथों के अलौकिक दर्शन हुए। आयोजन के दौरान हुई वर्षा ने श्रद्धालुओं को साक्षात् श्री यमुनाजी की उपस्थिति का साक्षात् अहसास कराया। बाहर से पधारे कलाकारों ने अपनी उम्दा और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से महोत्सव में चार चाँद लगा दिए। नीलेश नीमा डेरी, रितेश मंत्री, प्रमोद नागर मनोज नागर, सुरेश ठाकुर आयोजन से प्रमुखता से जुडे रहे।

# स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए डस्टबिन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पीईएफ संस्था ने ईडीपी सेंटर में स्वच्छता स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए डस्टबिन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। मौजूद सभी को खाद्य स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, सुरक्षित भोजन परोसने और अन्य साफ-सफाई के मामले में विस्तृत जानकारी दी, सरकारी योजनाएं भी बताई। इस दौरान दिलीप राजपाल, डॉ. अर्चना जायसवाल, विश्वनाथ, जतिन लश्करी, गौरक्ष सोनी, शैफ मेहउर, मोहित, वीरेन्द्र परिहार, बलराम भार्गव, जीवन गवली सहित अन्य मौजूद थे।



# जिनबिम्ब पंचकल्याणक के लिए महापात्र चयन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राजेश जैन ने बताया कि इंदौर में जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव के आयोजन को लेकर महापात्र, पात्र, इन्द्र-इन्द्राणी का चयन किया जाना है। संतों के आशीर्वाद से महामहोत्सव मार्च में सम्पन्न होगा। इसके लिए पात्र का चयन रविवार 22 फरवरी सुबह 9.30 बजे से सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नरीमन सिटी में किया जाएगा। आयोजन से श्री दिगम्बर जैन मंदिर धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट, नरीमन सिटी जुड़ी हुई है।




# वृंदावन फाग यात्रा के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री हरिदास चंदन श्री मित्र मंडल द्वारा वृंदावन में फाग यात्रा का आयोजन किया जाएगा उसके लिए 8 दिवसीय यात्रा पर श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। वृंदावन के अलावा बरसाना, गोकुल, नंदग्राम, मथुरा में भी दर्शन इस होली उत्सव पर किए जाएंगे। साजन पटाइत, आशीष लोट, पवन लोट, राजा ठाकुर, राजेश कल्याणे, ग्रेसी पटेल, हनी पटेल, राहुल तूफानी मौजूद थे।

# मेहता-सूरी बने जीएसटी शिकायत निवारण समिति में सदस्य

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के अध्यक्ष योगेश मेहता एवं होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन म.प्र. के अध्यक्ष सुमित सूरी को केन्द्रीय कर (सीजीएसटी), केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क भोपाल जोन की राज्य स्तरीय (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) शिकायत निवारण समिति का पुनर्गठन कर कमेटी में मेहता को सदस्य मनोनीत किया।





# दिगम्बर जैन ग्रुप ने किया दवाइयों का वितरण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के होलासराय सोनी ने बताया कि संस्था ने एमवाय अस्पताल और कैंसर हास्पिटल परिसर पहुंचकर सेवाकार्य के अन्तर्गत दवाइयां और ड्रेसिंग मटेरियल का वितरण किया। होलास राय सोनी, मैना आरके जैन रानेका, संजय सुनीता जैन, नीरज सीमा जैन, जे.पी. चंद्रकांता भरड़ा, सुधीर रजनी जैन, सुमत हेमा लुहाड़िया, हंसेल रूबी पहाड़िया, मीना झांझरी, सुनील सुप्रिया जटाले, अरुण मनीषा जैन, सतीश रीता वेद, दिलीप छाबड़ा उपस्थित रहे।



# प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह आयोजन





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सकल पंच मारू प्रजापति समाज ने सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन दलालबाग में किया। दूल्हा-दुल्हन का चल समारोह बड़ी संख्या में समाजजनों की मौजूदगी में निकाला गया। सभी की वर माला स्टेज पर की गई। राजू प्रजापत, तुलसी प्रजापत, योगेश गेंदर, प्रेम गेंदर, बंसलीला बोरावड़, जितेन्द्र घटेरवाल, दिलीप, मुकेश सडलीवाल, ओम दुरान, प्रकाश जिनोदिया, संदीप नंदिवाल, छगन बोरावड़, सुनील कपूरपुरा, रोहित सियोटा, आशीष गेन्दर, कैलाशचंद्र सियोटा, रामचंद्र पड़ियार, मनोज खटोड़, उत्तम सियोटा, सत्यनारायण गेन्दर, ओमप्रकाश ममोड़िया, गिरधारीलाल करवाल, कैलाश भेरूनदिया, प्रहलाद सियोटा, महेंद्र धुमानिया, दिनेश जिनोदिया, कमल बोरावड़, दिनेश लिम्बा, कृष्णा लिम्बा, विमल साल्डीवाल, श्याम घोड़ेला, सोहनलाल लड़नवा, कमल सुवटा, मुकेश कपुरपूरा, मेघराज सियोटा, विजय कुचेरिया, शुभम जुलवानिया, महादेव सियोटा, सुनील जजपुरिया, चंदन जलान्द्रा, भूपेंद्र घोड़ेला, सागर नागा, राजेन्द्र दुरान, विक्रम सियोटा, सितराम सियोटा महिला मंडल सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे। इधर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम भी अधिकारी रजनीश सिंह के मार्गदर्शन में पहुंची थी। शिकायत की गई थी, लेकिन अधिकारी महेन्द्र पाठक, संगीता सिंह, पुष्पलता यादव ने दस्तावेज देखें तो सभी जोड़े बालिग मिले।

# चारभुजानाथ कल भक्तों के साथ करेंगे नगर भ्रमण

## शोभायात्रा में रहेंगे श्रद्धालु

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पालीवाल समाज 44 श्रेणी इंदौर उत्सव समिति के तत्वावधान में कल शनिवार, 21 फरवरी को श्री चारभुजानाथ मंदिर से प्रभु श्री चारभुजानाथजी की गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। कल सुबह 8 बजे आरती होगी और 8.30 बजे से शोभायात्रा तिलक पथ से रामबाग, मल्हार आश्रम होते हुए वहां से बसों के माध्यम से एचआर ग्रीन पहुंचेगी। श्रद्धालुओं को वापसी बसों के माध्यम से ही चारभुजानाथ मंदिर भेजा जाएगा। क्षेत्रवार भी बसों की व्यवस्था की गई है। मंदिर से तीन बस निकलेगी। आयोजन से ओमप्रकाश जोशी, खेमराज बागोरा, सुरेश जोशी, फतेहलाल जोशी, प्रेम बागोरा जुड़े हैं, वहीं जमनालाल व्यास, प्रमोद दवे, मदन बागोरा, शिवलाल पालीवाल, भवानीशंकर दवे, रेवाशंकर पुरोहित, मुकेश बागोरा, विजय जोशी, रमेश दवे, नारायण जोशी, ओमप्रकाश दवे, शिव पुरोहित, किशन पंडिया को क्षेत्र अनुसार बसों की जिम्मेदारी दी गई।

# बम्बई बाजार क्षेत्र में तकरीर होगी

## जश्न-ए-खातूने जन्नत फातिमा जेहरा आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी के अध्यक्ष मास्टर मोहम्मद सलीम लाइक ने बताया कि कल 21 फरवरी को रात 12 बजे से रात 2 बजे तक मस्जिद आयशा मोहनपुरा बम्बई बाजार में हाफिज अनवार रेहानी और मौलाना मोहम्मद कलीम की सदारत में खातूने जन्नत फातिमा जेहरा मनाया जा रहा है, जिसमें मौलाना अफरोज आलम मिस्बाही तकरीर फरमाएंगे। प्रोग्राम के आखिर में सहरी का इंतजाम रहेगा।

# समाधान योजना से इंदौर जिले के 81 हजार लाभान्वित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मप्र शासन ऊर्जा विभाग की तीन माह या अधिक समय के बकाया बिजली बिलों के उचित व छूट देने के संबंध में लागू समाधान योजना से सबसे ज्यादा इंदौर जिले के 81 हजार उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। दूसरे क्रम पर उज्जैन जिले के 67 हजार उपभोक्ता, तीसरे क्रम पर खरगोन जिले के 66 हजार उपभोक्ता, रतलाम जिले के 65 हजार उपभोक्ता, बड़वानी जिले के 51 हजार उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। कंपनी स्तर पर कुल 6.60 लाख उपभोक्ताओं ने समाधान योजना का लाभ लिया हैं। इसमें इंदौर राजस्व संभाग क्षेत्र के 3.55 लाख, उज्जैन संभाग के 3.05 लाख उपभोक्ता शामिल है। इन उपभोक्ताओं को करीब 28 करोड़ रुपए की छूट प्रदान की गई हैं, वहीं बिजली कंपनी को करीब 190 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। फरवरी अंत तक जारी समाधान योजना अंतर्गत 50 से 90 प्रतिशत तक छूट पात्रतानुसार अभी भी प्राप्त की जा सकती है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बकायादार बिजली उपभोक्ताओं से समाधान योजना का लाभ लेने की अपील की है। इसके लिए संबंधित बिजली जोन, वितरण केंद्र या पोर्टल mpwz.co.in पर संपर्क किया जा सकता है।

# माहेश्वरी कुटुम्ब फाग उत्सव में बुलाएगा 24 कलाकार

## मिसाइल से फूलों की वर्षा भी होगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब के प्रकाश-शारदा अजमेरा ने बताया कि रविवार 1 मार्च को वृंदावन की बृज राधा रमण टोली के 24 महिला-पुरुष कलाकार द्वारा रिंग रोड स्कीम 71 स्थित अक्षत गार्डन पर शाम 6 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक संध्या और फाग महोत्सव का अद्भुत और अनुपम आयोजन होगा। इस दौरान आधा दर्जन मिसाइलों से विभिन्न किस्म के सुगन्धित और रंगबिरंगे फूलों की वर्षा से सभी मेहमानों और समाज बंधुओं का आत्मीय स्वागत किया जाएगा। संस्था चार वर्षों से फाग यात्रा का आयोजन कर रही है। इस बार फाग भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। वृंदावन की यह टीम पहली बार इन्दौर फाग उत्सव में आ रही है। इस टीम में महिलाएं भी शामिल है। क्रार्यक्रम में 6 मिसाइलों से विभिन्न किस्म के रंगीन और सुगन्धित फूलों की वर्षा कर अक्षत गार्डन में मौजूद सभी स्नेहीजनों और बंधुओं पर फूलों की वर्षा करने की व्यवस्था की गई है। उत्सव में पानी अथवा रंग का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रखने का भी निर्णय लिया गया है। जो मिसाइलें इस महोत्सव में बुलवाई गई हैं, उनकी मारक क्षमता 100 फीट से अधिक रहेगी।

## अग्रबंधु ने दिया बप्पा को फाग उत्सव का निमंत्रण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर के तत्वावधान में फाग महोत्सव का आयोजन शनिवार 28 फरवरी को होगा। इस आयोजन का पहला न्योता कल खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को समर्पित किया गया। गणेश गोयल, विजय मित्तल, अजय मित्तल, सोनू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अश्विन गोयल, सत्यप्रकाश अग्रवाल काका, अरुण गोयल, राकेश अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, अक्षय मित्तल, सुरेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, विनय गुप्ता एवं नागेन्द्र सिंघल मौजूद थे।



## मठ पर होगी फूलों की होली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हंसदास मठ पर महंत रामचंरणदास महाराज, पवनदास महाराज के सानिध्य में 5 मार्च गुरुवार की शाम 6 बजे से फूलों की होली खेली जाएगी। वर्षा शर्मा, अर्पणा जोशी मौजूद रहेंगे।



## मराठा सेना ने वाहनों से लगाए शिवाजी महाराज के जयकारे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित चार दिवसीय महोत्सव में कल लवकुश आवास विहार स्थित साईं मंदिर से विशाल शौर्य यात्रा निकाली जिसमें समाजजन वाहनों पर निकले। पूरा यात्रा मार्ग जय भवानी,जय शिवाजी के जयकारों से गूंज उठा। रास्ते में जगह-जगह स्वागत भी हुआ। यात्रा की शुरुआत सुरजीतसिंह वालिया, अन्ना महाराज ने की। वाहन रैली में मराठा समाजजन शिवाजी महाराज के चित्र से सज्जित ध्वजों को हाथ में लेकर चल रहे थे। शिवाजी प्रतिमा पहुंचकर माल्यार्पण भी किया गया। चंद्रकांत कुंजीर, करण कुंजीर, मिलिंद दिघे, राज जाधव, सुनील खंडागले, संदीप खरनाल, रवि खरनाल, श्यामसुंदर शर्मा, मनीष जाधव, नारायण खंडागले, संतोष पवार, अंकुश भोसले, रमेश खेड़े, स्वाति मोहिते, लवली जाधव, निहारिका कुंजीर, गोदावरी मोटवानी, रिया कुंजीर, मिष्टी पवैया, रेखा पवार, रुकमणी शर्मा, गणेश राव, राजू काले, संगीता काले, सुरेश चव्हाण, विजय डफाल, दिलीप नवथरे, ज्ञानदेव बालुंज, अशोक दरेकर, नितिन सालेकर, प्रमोद गोरे, रमाकांत शर्मा, चिरंजीव सिंह, दिलीप श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

## वर्षा औरं ओलावृष्टि प्रभाव क्षेत्र में होगी जांच

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रदेश में कई जगह वर्षा और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ और कई जगह से मुआवजे की बात भी आई थी। कृषि मंत्री एदलसिंह कंषाना ने कहा कि जहां-जहां वर्षा और ओलवृष्टि से फसल प्रभावित हुई, नुकसान हुआ वहां राहत राशि के लिए सरकार गम्भीरता से जांच कर निर्णय लेंगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सर्वे कार्य पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान समय पर किया जा सके। किसी भी किसान को नुकसान की स्थिति में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और राज्य सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

## मातृशक्तियों ने मनाया फाग उत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वुमन फिटनेस क्लास द्वारा फाग उत्सव का आयोजन कर राधाकृष्ण का पूजन किया और उसके बाद फाग गीतों पर नृत्य भी किया, फूलों की होली भी खेली, रंग भी उडाया, झांझ-मंजिरे, ढोलक की थाप पर कीर्तन और नृत्य किया। प्रियंका कुशवाह, रेखा प्रजापति, राखी कदम, राजकुमारी सोनी, रेणुका नाइक, काजल तोमर, कुसुम जोशी, गुड़िया सलूजा, पूनम छाबड़ा, दीप्ति, निर्मला जोशी, रितिका, शेफाली मूंदड़ा, इति वर्मा, आसी शर्मा ने अपनी भूमिका निभाई।






## शिवाजी प्रतिष्ठान और मराठा मंडल ने किया महाराज को याद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान एवं मप्र. क्षत्रिय मराठा मण्डल द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती समाजजनों और अतिथियों की मौजूदगी में मनाई गई। अतिथि विपिन वानखेडे, मयंक शर्मा थे। मनोहर पवार, बबन कदम, अशोक गायकवाड़, विनोद नागरे, रविंद्र गट, अमित अमनापुरकर, ललित ठोम्बरे, प्रभाकर चोखण्डे, रवि रघुवंशी, रवि सोमवंशी, विजय पुणेकर, राजेश निकम, विकास चव्हाण, लोकेश सरोशे, शिवाजी वामनकर, साक्षी नागरे, डॉ. आशा गायकवाड, राधा पवार, लता पवार, दीपक फाल्के, हरिशंकर रायकवार सहित अन्य मौजूद थे।

## जीएसटी ट्रिब्यूनल के लिए कैट उपलब्ध कराएगा स्थान

### जीएसटी कमिश्नर बोले प्रति माह लेंगे व्यापारियों के साथ बैठक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** फेडरेशन ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता के नेतृत्व मे 27 संगठन के प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त जीएसटी आयुक्त अनय द्विवेदी का मां अहिल्या की नगरी में स्वागत किया। कैट की ओर से जीएसटी विभाग को यह प्रस्ताव दिया गया कि हम व्यापारी एसोसिएशन की तरफ से जीएसटी ट्रिब्यूनल के लिए स्थान उपलब्ध कराएंगे जिससे कि इंदौर में जीएसटी ट्रिब्यूनल लाने की बाधा को दूर किया जा सके एवं व्यापारियों की लंबित मांग पूरी करने में शासन का सहयोग कर सके। इस आशय को जाहिर किया एवं एक पत्र मुख्यमंत्री एव वित्त मंत्री के लिए सौंपा। रमेश गुप्ता, राजकुमार साबू, श्री कटारिया, विजय काला, संतोष सोनी, उमेश तिवारी, विपिन गुप्ता, विनय कालानी, धीरेन्द्र पटेल, सुमित साबू, अमित दवे, कैलाश खंडेलवाल, अजीत जैन, संजय आहूजा, शिवम खंडेलवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## सुरमई गीतों भरी एक शाम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बावरा कराओके के द्वारा सुरमई गीतों भरी एक शाम उभरते हुए नए गायक कलाकारों के साथ श्री अमर सेवाश्रम फूटी कोठी के आगे 1083. द्वारकापुरी हवा बंगला रोड पर रविवार 22 फरवरी दोपहर 2:20 से लेकर संध्या 7:30 बजे तक कराई जाएगी। ओमप्रकाश भारती ने उक्त जानकारी ने दी।

## दिव्येशकुमार महाराजश्री का नागरिक अभिनंदन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गोस्वामी श्री 108 श्री दिव्येशकुमार महाराज का समारोह में अभिनंदन किया। बड़ी संख्या में वैष्णवजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में आचार्यश्री द्वारा ठाकुरजी की सेवा, वैष्णव भावनाओं के संवर्धन तथा समाज में संस्कारों के प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने दो दिन पूर्व यह सम्मान दस्तूर गार्डन में किया था। नीलेश नीमा, निधि बंग, रीतेश मंत्री, प्रमोद नागर, मनोज नागर, गिरधर गोपाल नागर मौजूद थे।



# जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा और भाजपा नेता विश्वास पांडे ने किया लोकार्पण...

## सियारी में 37.50 लाख की लागत से बने नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण हुआ

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जनपद पंचायत तिरला अंतर्गत ग्राम पंचायत सियारी में लगभग 37.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन एवं अत्याधुनिक पंचायत भवन का लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा नेता विश्वास पांडे एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहन पटेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सियारी के सरपंच कमल भाभर ने की। उद्घाटन अवसर पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों एवं पुष्पमालाओं से अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री मेडा ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में हो रहा विकास भारतीय जनता पार्टी सरकार की देन है। प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए व्यापक कार्य किए गए हैं। आज गांवों में सड़कों का जाल बिछ चुका है, डेम निर्माण से जलसंकट दूर हुआ है तथा 24 घंटे



विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में भी निरंतर सुधार हुआ है। भाजपा नेता विश्वास पांडे ने 'जीरामजी योजना' के माध्यम से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ने की बात कही तथा समय पर मजदूरी भुगतान से आदिवासी क्षेत्रों में पलायन रुकने का विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत तिरला के अध्यक्ष सीताराम सिंगार, पूर्व जनपद अध्यक्ष गणेश जमुनिया, मंडल अध्यक्ष राजू बघेल, महामंत्री प्रेम सिंह चौहान, सब इंजीनियर आनंद बोरिसी, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा नेता रेवसिंह भाभर द्वारा किया गया तथा अंत में ग्राम पंचायत सचिव ने आभार व्यक्त किया।

# देवासनाका क्षेत्र की सबसे बड़ी कालोनी को एबी रोड से जोड़ने के काम की ढीली रफ्तार

**इंदौर।** देवास नाका क्षेत्र की सबसे बड़ी कॉलोनी सैटलाइट टाउनशिप और ग्राम केलोद हाला को एबी रोड़ से सीधे जोडने का काम लंबे समय पहले शुरू हो जाने के बावजूद अभी तक बेहद धीमी रफ्तार से चल रहा है। जिसको लेकर अब सवाल उठ रहें है। यही नहीं हालत यह है कि सालभर से भी ज्यादा समय से भीतर से लेकर बाहर तक सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। उसके बावजूद अभी तक रेलवे क्रॉसिंग के पहले एक साइड की पट्टी में ही अभी तक महज आधी से ज्यादा सड़क ही बन पाई है, वो भी एक पट्टी में बनी जबकि दूसरी साइड बाधक निर्माण नहीं हटने के कारण अब तक काम ही शुरू नहीं हो पाया। इसके अलावा इधर, रेलवे क्रॉसिंग के सामने भी खुदाई कर लाइन डालने और बचे हिस्से में सड़क निर्माण का काम किया जाना है। लेकिन लंबे समय से यहां के काम की रफ्तार बेहद धीमी है।



**सैकड़ों रहवासी परिवारों को आने-जाने में हो रही परेशानी–** इधर आधी-अधूरी सड़क के कारण देवास नाका क्षेत्र की सबसे बड़ी कॉलोनी सैटलाइट टाउनशिप और ग्राम केलोद हाला के सैकड़ों रहवासी परिवारों को लंबे समय से यहां से आने-जाने में परेशानी हो रही है। हालांकि विकल्प के तौर पर अन्य रास्ते है लेकिन वहां से जाने पर लोगों को डेढ़ से दो किमी दूर लंबा चक्कर लगाने के बाद अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। जिससे लोगों का समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है।

**अभी कालोनी के लोगों को घूमकर लगाना पड़ रहा है लंबा चक्कर-** बड़ी बात यह है कि इस सड़क प्रोजेक्ट के पूरा होने से क्षेत्र की बड़ी आबादी को आने वाले दिनों में सीधे एबी रोड से जुड़ने का फायदा मिलने वाला है। जबकि अभी यहां के लोगों को भीतर के दूसरे रास्तों से घूम कर निरंजनपुर होते हुए एबी रोड पर आना-जाना पड़ता है। यही नहीं यहां सबसे बड़ी बाधा दोनों साइड रेलवे क्रॉसिंग भी है। जहां दिनभर में कई बार ट्रेन आने के दौरान 15 से 20 मिनट से लेकर कई बार आधे घंटे तक जाम में फंसना पड़ता है। वहीं अब कहा जा रहा है कि रेलवे द्वारा कॉलोनी और ग्राम केलोद हाला ग्राम की सीमा शुरू होने से पहले वाले इस रेलवे क्रॉसिंग पर जल्द पुलिया निर्माण और अंडरपास भी बनाने की तैयारी है ताकि भविष्य में लोगों को इस रेलवे क्रॉसिंग पर रुकना ना पड़े। इसको लेकर क्षेत्र के रहवासी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लगातार मांग भी कर रहें है। इधर सड़क निर्माण का काम भी फिलहाल बाधक निर्माण और अतिक्रमण के कारण अटक गया है। इसके कारण भी लोगों को फिलहाल तो आने-जाने में परेशानी हो रही है।

# 3 साल से मास्टर प्लान में मंजूर : बावजूद रीजनल पार्क से बायपास को जोड़ने वाली एमआर 3 का काम फाइलों में उलझा

**इंदौर।** लंबे समय से मास्टर प्लान में मंजूर रीजनल पार्क से बायपास तक बनने वाली चर्चित एमआर 3 सड़क का काम आखिर इतने समय बाद भी फाइलों में ही उलझा पड़ा है। जिसको लेकर अब क्षेत्र के हजारों रहवासियों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि पिछले 3 साल से भी ज्यादा समय से प्रस्तावित बहुचर्चित रीजनल पार्क को बायपास से जोड़ने वाली एमआर 3 सड़क का काम आखिर कब शुरू होगा। जबकि इतने समय से मंजूरी के बावजूद इस बड़े बजट वाली सड़क का काम आखिर निगम क्यों शुरू नहीं कर पा रहा है। जबकि हालत यह है कि 54 करोड रुपए से ज्यादा लागत वाली इस बड़े बजट वाली सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण प्रोजेक्ट पर निगम पैसों के संकट और सड़क के बाधक निर्माण के साथ किसानों की जमीन के अड़ंगे के कारण ही इसे शुरू नहीं कर पा रहा है।

**किसानों की निजी जमीन बन रही सबसे बड़ी बाधा-** जबकि लंबे समय से इस सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण को लेकर निगम की ओर से पूरी प्लानिंग के साथ प्रोजेक्ट पर टेंडर प्रक्रियां के बाद काम भी शुरू करने की तैयारी की थी। यही नहीं



पिछले दो-तीन सालों में निगम द्वारा कई बार नेताओं और अधिकारियों के दौरे के बाद जल्द काम शुरू करने का दावा भी किया गया। लेकिन फिर कहीं न कहीं निगम का वित्तीय संकट आड़े आ गया जिसके कारण भी काम अटक रहा है। वहीं इस प्रोजेक्ट में बड़े बजट के अलावा सबसे बड़ी दिक्कत इस सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में क्षेत्र के 70 से ज्यादा किसानों की निजी जमीन का अड़ंगा और टीडीआर पालिसी का मुद्दा नहीं सुलझना भी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में बड़ी बाधा बन रहा है। इसी के चलते लंबे समय से बड़े बजट वाली इस मास्टर प्लान में प्रस्तावित एमआर 3 सड़क का निर्माण कार्य खटाई में है।

# मूसाखेड़ी क्षेत्र के रामनगर में सड़क निर्माण के कारण हो रही दिक्कत

**इंदौर।** मूसाखेड़ी क्षेत्र के रामनगर सहित अन्य कॉलोनी के रहवासी इन दिनों नई सर्विस रोड निर्माण के कारण परेशान हो रहे हैं। आधी अधूरी सड़क और जगह-जगह खुदाई के कारण नर्मदा लाइन में ड्रेनेज लाइन मिक्स हो रही है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों द्वारा लगातार निगम की 311 अप और अन्य जगह शिकायत की जा रही है। यही नहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी लगातार शिकायत की जा रही है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से आधी-अधूरी सड़क निर्माण के कारण ड्रेनेज लाइन का गंदा पानी पीने के पानी की नर्मदा लाइन में मिक्स हो रहा है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को साफ पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है इसको लेकर भी लोगों में नाराजगी है।

**सांवरियां धाम से रिंगरोड़ तक चल रहा सर्विस रोड निर्माण का काम-** गौरतलब है कि इन दिनों मूसाखेड़ी मयूर नगर क्षेत्र में निगम द्वारा सांवरिया धाम से लेकर रिंग





रोड चौराहे तक 70 फीट चौड़ी सर्विस रोड निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत रिंग रोड चौराहा से लेकर सांवरिया धाम तक के बड़े हिस्से में दोनों तरफ खुदाईकर निगम द्वारा 35-35 फीट चौड़ी सर्विस रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसके कारण कुछ जगह तो एक-एक पट्टी में नई लाइन डालकर सड़क निर्माण का काम तेजी के साथ चल रहा है। जबकि कुछ हिस्से में सड़क और ड्रेनेज लाइन का काम लंबे समय से आधा अधूरा होने से इस तरह की परेशानी सामने आ रही है। जिसको लेकर क्षेत्र के व्यापारी और रहवासी लगातार निगम में शिकायत कर रहें है। लोगों का कहना है कि करीब महीने भर से निगम की 311 एप और यहां तक की सीएम हेल्प लाइन पर भी रहवासियों ने शिकायत कर दी फिर भी सुनवाई नहीं हो रही है। नर्मदा प्रोजेक्ट के ज़िम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है और न देखने आ रहे है जबकि रहवासी लगातार शिकायत कर रहें है।

## संपादकीय

### गलगोटिया यूनिवर्सिटी के 'चाइनीज रोबोटिक डॉग' ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर कराई फजीहत

विवाद बढ़ने के बाद गलगोटिया यूनिवर्सिटी के जिम्मेदारों को माफी मांगनी पड़ी, लेकिन इससे उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर असर पड़ा है। आमतौर पर झूठे दावों की हकीकत किसी न किसी रूप में सामने आ जाती है, लेकिन कई बार उसके नतीजे गंभीर होते हैं। दिल्ली में आयोजित 'एआइ इम्पैक्ट सम्मेलन' में हिस्सा लेने वाले गलगोटिया यूनिवर्सिटी के एक झूठ से न केवल उसकी फजीहत हुई, बल्कि इस आयोजन में बरती जाने वाली कोताही पर भी सवाल उठे। यह बात समझ से बाहर है कि इस संस्थान को चीन के बनाए 'रोबोटिक डाग' को अपना नवाचारी उत्पाद बता कर पेश करने की क्या जरूरत थी? AI सम्मेलन में उपस्थित उसके प्रतिनिधि ने क्या सोच कर इस संबंध में अतिरेक से भरे और झूठे दावे किए? अव्वल तो भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के फर्जी और अनैतिक दावे करने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए था। दूसरे, ऐसा करते हुए एक बार भी इस बात का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा गया कि जिस तरह की तकनीक के बारे में झूठा दावा किया गया, आज इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में उस झूठ को सामने आने में ज्यादा वक्त नहीं लगता है। आखिर विवाद बढ़ने के बाद संस्थान को माफी मांगनी पड़ी, लेकिन इससे उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर असर पड़ा है। इस विवाद को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने उचित ही सम्मेलन से वह स्थल खाली करने को कहा गया, जहां इस निजी विश्वविद्यालय ने अपनी प्रदर्शनी लगाई थी। इस बात की पूरी संभावना है कि एआइ सम्मेलन में प्रदर्शित करने के लिए आए तमाम उत्पादों को मंजूरी पहले ही दी गई होगी। सवाल उठता है कि इस सम्मेलन में संस्थानों को जब अपने मौलिक एआइ उपकरणों को प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया होगा, तब गलगोटिया की ओर से लाए गए 'रोबोटिक डाग' और उसके बारे में बढ़-चढ़ किए गए दावों को लेकर आयोजकों की ओर से शुरू में ही जरूरी सवाल क्यों नहीं किए गए? आज जब देश कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करने की जमीन तैयार करने में लगा है, तो ऐसे में इस विवाद ने सम्मेलन में एक असहज स्थिति पैदा की। सवाल केवल किसी संस्थान की साख का नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा का है। बदलते दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के बीच भारत आर्थिक एवं रणनीतिक स्तर पर सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के साथ साझेदारी को और व्यापक बनाने की राह पर आगे बढ़ रहा है। ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के बाद भारत ने अब फ्रांस के साथ द्विपक्षीय संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' में बदल दिया है। इसके तहत दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया है।

# शातिर चोर की करतूत... पहले सीसीटीवी कैमरों के चेहरे घुमाए, फिर ले उड़ा सोने की चेन

**इंदौर।** सदर बाज़ार थाना क्षेत्र में एक शातिर चोर ने चोरी की अनूठी वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी ने घर में घुसने के बाद सबसे पहले वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की दिशा बदल दी, ताकि उसकी पहचान न हो सके और इसके बाद सोने की चेन लेकर चंपत हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, घटना सदर बाज़ार हनुमान मंदिर के पास रहने वाले गौरव कश्यप के घर की है। फरियादी गौरव पिता गुरूकरण कश्यप ने पुलिस को बताया कि बीती रात जब घर के सभी सदस्य सो रहे थे, तभी एक अज्ञात बदमाश गैलरी के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुआ। शातिर चोर को घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का अंदाजा था। अपनी पहचान छुपाने के लिए उसने सबसे पहले गैलरी और घर के अन्य हिस्सों में लगे कैमरों की दिशा बदल दी। कैमरों को दूसरी तरफ मोड़ने के बाद आरोपी ने इत्मीनान से घर की तलाशी ली और वहां रखी सोने की चेन चुरा ली। सुबह जब परिवार उठा और सामान बिखरा देखा, तब चोरी का पता चला। कैमरों की दिशा मुड़ी होने के कारण घर के कैमरों में आरोपी का चेहरा स्पष्ट नहीं आ सका है। थाना सदर बाज़ार पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के अन्य रास्तों पर लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी के आने और जाने के रास्ते का सुराग लगाया जा सके।

## परिवार नागपुर गया, पीछे से सूने मकान में घुसे चोर लाखों का माल ले उड़े

**इंदौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र की एस.एस. ग्रीन कॉलोनी, बोरखेड़ी में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार तीन दिन के लिए बाहर गया था, इसी दौरान घर का ताला तोड़कर सामान पार कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक 44 वर्षीय गायत्री नायक पति कमलसिंह नायक ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने पति और पुत्र यशराज के साथ देवर के सड़क हादसे में निधन होने पर नागपुर (महाराष्ट्र) गई थीं। जब परिवार वापस लौटा तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जांच में पता चला कि अज्ञात आरोपी घर से टीसीएल कंपनी का 55 इंच टीवी, सोनी कंपनी का म्यूजिक सिस्टम, हेवल्स कंपनी का मिक्सर, एचपी गैस सिलेंडर, तांबे का पानी का मटका, पनडुब्बी मोटर, बिजली का सामान, नगद 36 हजार रुपये सहित अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। किशनगंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

## नाबालिग से की मारपीट

### वीडियो के आधार पर केस दर्ज

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के न्यू रानी बाग इलाके में 17 वर्षीय किशोर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत और प्रस्तुत वीडियो साक्ष्य के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 17 वर्षीय नाबालिग ने शिकायत दर्ज कराई कि लोका पिपल सैलून के सामने, न्यू रानी बाग खंडवा रोड क्षेत्र में पप्पल उर्फ हर्षदीप भाटिया निवासी न्यू रानी बाग ने उसके साथ मारपीट की। घटना के संबंध में साक्षी आदर्श पाल, शुभ सदावना और लाभ सदावना के कथन लिए गए हैं। फरियादी द्वारा घटनाक्रम से संबंधित एक पेन ड्राइव भी पुलिस को सौंपी गई, जिसे थाने के कंप्यूटर सिस्टम पर ऑपरेटर के माध्यम से चलाकर देखा गया। वीडियो साक्ष्य की पुष्टि के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उधारी के रुपए मांगे तो कर दी पिटाई

### अंगुली मरोड़कर युवक को किया घायल

**इंदौर।** विजयनगर क्षेत्र में उधारी के रुपए मांगना एक युवक को महंगा पड़ गया। सी-21 मॉल के समीप अपनी मेहनत की कमाई वापस मांगने पहुंचे युवक पर आरोपी ने न केवल गालियां बरसाईं, बल्कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए हाथ की अंगुली मरोड़कर उसे चोटिल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी पंचम सिटोले निवासी बाबा का बाग, खजराना ने विजयनगर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंचम ने बताया कि उसने अपने ही क्षेत्र के रहने वाले कमलेश झोरे को कुछ रुपए उधार दिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब कमलेश ने रुपए वापस नहीं किए, तो पंचम को सूचना मिली कि वह सी-21 मॉल के पास मौजूद है। पंचम वहां पहुंचा और अपनी उधारी वापस मांगी, इसी बात पर आरोपी कमलेश आगबबूला हो गया। पंचम का आरोप है कि जैसे ही उसने रुपए लौटाने की बात कही, कमलेश ने सरेराह उसे गालियां देना शुरू कर दिया। जब फरियादी ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी ने उसके साथ हाथ-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान आरोपी ने पंचम के बाएं हाथ की अंगुली पकड़कर जोर से मरोड़ दी, जिससे उसे गंभीर चोट आई है। विजयनगर थाना पुलिस ने फरियादी पंचम की शिकायत पर आरोपी कमलेश झोरे के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## सूने मकान से 3 लाख के जेवर चोरी

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के उषा नगर में अज्ञात बदमाश ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण पार कर दिए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 52 वर्षीय राजेश सोमानी निवासी उषा नगर मेन ने शिकायत दर्ज कराई कि रात करीब 10 बजे से 10:30 बजे के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुसा और सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया। चोरी गए सामान में 4 सोने की अंगूठियां, 4 कान के टॉप्स, 2 कान की चेन, 1 सोने की नथ, चांदी का कान व गले का सेट तथा 12 चांदी के पुराने ब्रेसलेट शामिल हैं। चोरी गए जेवरों की कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है। अन्नपूर्णा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

# संजय कालरा पर पुलिस का शिकंजा

## लग्जरी कारें हड़पने वाले जालसाज पर एक और एफआईआर दर्ज

**इंदौर।** किराए पर लग्जरी कारें लेकर उन्हें गिरवी रखने और खुर्द-बुर्द करने वाले जालसाज संजय कालरा के खिलाफ शिकायतों का अंबार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब शहर के अन्नपूर्णा थाने में कालरा और उसके एक साथी के खिलाफ धोखाधड़ी और विश्वासघात का एक और नया मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब कालरा के उन तमाम नेटवर्क को खंगाल रही है, जिनकी मदद से वह गाड़ियों को गायब करता था।

अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार, कबीटखेड़ी निवासी राजकुमार मंडलोई पिता मदनलाल ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने अपनी कार का अनुबंध कर आरोपी संजय कालरा कालरा निवासी वीआईपी परस्पर नगर को किराए पर चलाने के लिए दी थी।

अनुबंध के मुताबिक कालरा को तय समय पर किराया देना था, लेकिन उसने शर्तों का उल्लंघन करते हुए न तो किराया दिया और न ही कार वापस की। पुलिस जांच में सामने आया कि कालरा ने अपने साथी शावेज निवासी स्वामी दयानंद नगर के साथ मिलकर सोची-समझी साजिश के तहत गाड़ी को गायब कर दिया है। संजय कालरा का आतंक इस कदर था कि कई पीड़ित सालों तक पुलिस के पास जाने से भी कतराते रहे। हाल ही में रावजी बाजार पुलिस ने कालरा के खिलाफ साल 2019 का एक पुराना मामला दर्ज किया है। स्कीम नंबर 71 निवासी ब्रजेश मंत्री की शिकायत पर हुई इस कार्रवाई से साफ है कि पुलिस अब कालरा के पुराने काले कारनामों की फाइलें भी दोबारा खोल रही है। ब्रजेश का वाहन हड़पने के बाद कालरा ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी थी। संजय कालरा इंदौर पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है। उसके खिलाफ अन्नपूर्णा, जूनी इंदौर, द्वारकापुरी, रावजी बाजार और उज्जैन सहित कई थानों में दर्जनों आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब तक उसकी निशानदेही पर 38 से ज्यादा लग्जरी कारें बरामद कर चुकी है। पुलिस को आशंका है कि कालरा और उसके साथी शावेज ने मिलकर शहर के कई और भोले-भाले वाहन मालिकों को अपना शिकार बनाया होगा। अन्नपूर्णा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि यदि कोई और भी इस जालसाज का शिकार हुआ है, तो वह निडर होकर संबंधित थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराए।

# ग्रीनपार्क कॉलोनी में बिल्डिंग से गिरी महिला के मामले में खुलासा, पति के खिलाफ केस दर्ज

## नाश्ता न बनाने की बात पर बेरहमी से पीटा, जान बचाने के लिए भागी महिला खिड़की से नीचे गिरी

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र की ग्रीनपार्क कॉलोनी में बहुमंजिला इमारत से गिरकर घायल हुई महिला शिफा अब्बासी के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। महिला द्वारा दिए गए बयानों के आधार पर चंदन नगर पुलिस ने उसके पति आरिफ के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।



फरियादी शिफा अब्बासी ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात वह अपनी मां से फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान उसका पति आरिफ वहां आया और झगड़ा करने लगा। आरिफ ने आरोप लगाया कि उसने सुबह अपनी सास को नाश्ता बनाकर क्यों नहीं दिया। शिफा ने जब सफाई दी कि उसने दो बार पूछा था और सास ने खुद मना किया था, तो आरिफ आगबबूला हो गया और उसके साथ अश्लील गाली-गलौज करने लगा। शिकायत के मुताबिक, आरिफ ने शिफा का गला पकड़ लिया और उसे हाथ-घूंसों के साथ-साथ डंडे से भी बेरहमी से पीटा। इस मारपीट में शिफा के चेहरे, बाएं हाथ और घुटने में गंभीर चोटें आईं। पति के हिंसक व्यवहार से बुरी तरह डरकर शिफा अपनी जान बचाने के लिए कमरे से भागी और इसी आपाधापी में वह खिड़की से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। यह पूरी घटना नीचे स्थित एक दूध डेयरी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। फुटेज में दिख रहा था कि रात करीब 10:45 बजे शिफा ऊपरी मंजिल से सीधे डेयरी के काउंटर पर गिरी और फिर जमीन पर जा गिरी। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया था। चंदन नगर पुलिस ने फरियादी महिला की शिकायत पर आरोपी पति आरिफ के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# गोल्ड इन्वेस्टमेंट के नाम पर 3.5 करोड़ की ठगी करने वाले मथुरा के पति-पत्नी गिरफ्तार

**इंदौर।** सोने-चांदी के व्यापार में भारी मुनाफे का लालच देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो शातिर आरोपियों को इंदौर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश के मथुरा से पकड़े गए इन आरोपियों ने इंदौर के एक व्यापारी के साथ करीब 3.5 करोड़ रुपये की ठगी की थी।

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह द्वारा आर्थिक ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देशों के तहत क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम को इस केस में लगाया गया था। फरियादी अंकित बजाज निवासी इंदौर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी शुभम शर्मा और उसकी पत्नी पूजा शर्मा (निवासी मथुरा, यूपी) ने अपनी गोल्ड फर्म में निवेश करने पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया था। आरोपियों ने फरियादी को विश्वास में लेने के लिए अपनी फर्म में सोने-चांदी के आभूषणों का बड़ा व्यापार दिखाया। निवेश के नाम पर फरियादी से समय-समय पर कुल 3 करोड़ 50 लाख रुपये हड़प लिए गए। जब मुनाफे और मूल राशि वापस करने का समय आया, तो आरोपियों ने हाथ खड़े कर दिए और फरार हो गए। क्राइम ब्रांच की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की और मथुरा में दबिश देकर शुभम व पूजा शर्मा को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अवैध लाभ कमाने की नीयत से इस पूरी साजिश को अंजाम दिया था। पुलिस ने उनके पास से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक और चेकबुक बरामद की है। पुलिस अब दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनके बैंक खातों और अन्य दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने इसी तरह देश के अन्य हिस्सों में भी कई लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाया होगा।

# सीनियर राष्ट्रीय कुराश स्पर्धा इंदौर में

**इंदौर।** दी इंडियन कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रवि कपूर एवं महासचिव विक्रांत कुमार द्वारा मध्य प्रदेश कुराश एसोसिएशन को सीनियर राष्ट्रीय कुराश स्पर्धा करवाने का दायित्व दिया गया है। मध्यप्रदेश कुराश संघ के सचिव राहुल व्यास ने बताया कि स्पर्धा 27 से 29 मार्च तक इंदौर के माँ कनकेश्वरी देवी विद्या विहार एमआईजी कॉलोनी में आयोजित की जाएगी । मध्य प्रदेश कुराश संघ द्वारा पूर्व में भी देवास, उज्जैन, इंदौर, पचमढ़ी में राष्ट्रीय स्पर्धा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था । इसके अलावा वर्ष 2018 एवं 2022 की एशियाई खेलो के लिए भारतीय टीम का चयन भी मध्य प्रदेश कुराश संघ द्वारा संपन्न कराया गया था। स्पर्धा इंदौर मे आयोजित करने के लिए मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला का विशेष योगदान है एवं अब उनके मार्गदर्शन में शीघ्र ही स्पर्धा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु समिति का गठन किया जाएगा।

# नव गठित बिजली जोन का निरीक्षण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा हाल में प्रारंभ किए गए बिजली कंपनी के शहर के 31वें मांगलिया अर्बन जोन का मुख्य अभियंता आरसी जैन ने निरीक्षण किया। उन्होंने उपभोक्ता सेवाओं, स्मार्ट मीटर से संतुष्टि, राजस्व संग्रहण, शिकायत का समय पर निराकरण इत्यादि विषयों की जोन प्रभारी पीके मिश्रा से जानकारी प्राप्त की। नया जोन 90 प्रतिशत स्मार्ट मीटरीकृत एवं 82 प्रतिशत कैशलेस बिजली बिल भुगतान वाला है। मुख्य अभियंता जैन का स्वागत मिश्रा एवं अन्य कार्मिकों ने किया।

# महाकाल बाबा आरती की बुकिंग पूरी तरह आनलाइन

**शुक्रवार ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में दर्शन व्यवस्था के लिए और अधिक सुगम, पारदर्शी और बेहतर बनाने के लिए मंदिर प्रबंध समिति ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उज्जैन में डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया का विस्तार करते हुए, समिति ने बाबा महाकाल की 'संध्या आरती' और 'शयन आरती' की बुकिंग प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। अब देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु घर बैठे ही आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आरती में शामिल होने के लिये अपना स्थान सुनिश्चित कर सकेंगे। संध्या आरती के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगी और शयन आरती के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से की जा सकेगी। दोनों ही आरतियों के लिए प्रति श्रद्धालु 250 रुपये का शुल्क (शीघ्र दर्शन के समान) निर्धारित किया गया है। बुकिंग की यह प्रक्रिया पूर्णतः 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर संचालित होगी। बाबा महाकल की आरती में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को प्रवेश द्वार क्रमांक 1 से ही प्रवेश दिया जाएगा। संध्या आरती के लिए शाम 6:00 बजे तक प्रवेश करना अनिवार्य होगा। शयन आरती के लिए रात 10:00 बजे तक ही प्रवेश मिल सकेगा। दोनों आरतियों के निर्धारित समय के दौरान 'चलित दर्शन' की व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहेगी। इससे वे श्रद्धालु जो आरती की बुकिंग नहीं कर पाए हैं, वे भी कतार में चलते हुए सुगमता से बाबा महाकाल के दर्शन लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

# यातायात पुलिस ड्रोन से करेगी डिजिटल पेट्रोलिंग



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यातायात पुलिस लगातार यातायात सुधार के प्रयास कर रही है, इसी कड़ी में अब वरिष्ठतम पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस ने स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में कदम बढ़ाते हुए ड्रोन तकनीक का उपयोग शुरू किया है। यातायात उल्लंघन करने वालों पर अब आसमान के माध्यम से यातायात पुलिस ड्रोन से निगाह रखेगी। खासतौर से पुलिस ड्रोन पेट्रोलिंग की सहायता से व्यस्त मार्ग और चौराहों पर निगरानी कर उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करेगी। खासतौर से पलासिया, गीता भवन चौराहा, इंद्रप्रस्थ चौराहा, इंडस्ट्री हाउस, आनंद बाजार, रीगल तिराहा पर ड्रोन से निगरानी शुरू कर दी गई है। अब इसी आधार पर चालानी कार्रवाई भी शुरू हो जाएगी। जिन दुकानों पर भीड़ लग जाती है उन दुकानदारों को भी चेतावनी दी जा रही है, कहीं लेफ्ट टर्न में बाधा ठेला और अन्य भी आ रहे हैं उसे भी हटाया जा रहा है।

## इन्दौर नगर पालिक निगम
### मोती तबेला झोन-32
### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री दीपक कुमार पिता स्व. श्री रेवाराम कौरव** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.2000325177 पता 43 पंचवटी तलावलीचांदा इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग सम्भाग क्रमांक 1 इन्दौर

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 70/व.ले.लि./2025-26** **इन्दौर दिनांक-13.02.2026**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लो.नि.वि. म.प्र. भोपाल द्वारा जारी कार्य की दर अनुसूची (भवन) दिनांक 01.01.2024 (तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किए गए संशोधनों सहित) पर मुहरबंद निविदाएं निविदा प्रपत्र अपेन्डिक्स 2.10 में आमंत्रित की जाती है। विभाग पोस्टल विलम्ब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

| स. क्र. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र की राशि (रु.) | 1.ठेके की अनुमानित राशि 2.अमानत राशि | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का अंतिम दिनांक एवं समय | 1.निविदा प्राप्ति का दिनांक 2.कार्यालय | 1.निविदा खोलने का दिनांक 2.कार्यालय | 1.कार्यपूर्ण करने की अवधि 2.आमंत्रण क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रेसीडेंसी कोठी सेक्शन इन्दौर के अन्तर्गत बंगला नं. सी-22 में मरम्मत एवं रखरखाव का शेष कार्य | 2000/- | 9.99 लाख 19980/- | 23.02.26 6.00 बजे तक कार्य.यंत्री लो.नि.वि. सं. क्र. 1 इन्दौर | 25.02.26 6.00 बजे तक कार्य.यंत्री लो.नि.वि. सं. क्र. 1 इन्दौर | 27.02.26 10.00 बजे कार्य.यंत्री लो.नि.वि. सं. क्र. 1 इन्दौर | 1) 30 दिन वर्षाकाल सहित 2) प्रथम आमंत्रण |
| 2 | हाईकोर्ट सेक्शन इन्दौर के अन्तर्गत बंगला नं. ए-2 में मरम्मत एवं रखरखाव का शेष कार्य | 2000/- | 9.99 लाख 19980/- | 23.02.26 6.00 बजे तक कार्य.यंत्री लो.नि.वि. सं. क्र. 1 इन्दौर | 25.02.26 6.00 बजे तक कार्य.यंत्री लो.नि.वि. सं. क्र. 1 इन्दौर | 27.02.26 10.00 बजे कार्य.यंत्री लो.नि.वि. सं. क्र. 1 इन्दौर | 1) 30 दिन वर्षाकाल सहित 2) प्रथम आमंत्रण |
| | **योग-** | | **19.98 लाख** | | | | |

**टीप-**
1. कोरे निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि का भुगतान कर कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. सम्भाग क्र.1 इन्दौर कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किए जा सकते है। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है।
2 निविदा की वैधता खोले जाने की दिनांक से 120 दिन तक की होगी।
3 यदि निविदा प्रपत्र प्राप्त होने/खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही सम्पादित की जावेगी।
4 निविदा प्रपत्र क्रय के लिए निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो निविदा प्रपत्र उन्हें नहीं दिया जावेगा।
   1) वैध पंजीकृत प्रमाण पत्र की प्रति। फर्म होने की दशा में साझेदारी की डीड एवं पावर ऑफ अटार्नी की प्रति।
   2) पी.डब्ल्यू.डी ठेकेदारी पंजीयन प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, आयकर प्रमाण पत्र, एनेक्चर-एच, एनेक्चर-बी (नॉन ज्यूडिशियल स्टाम 200) निविदा प्रपत्र क्रय राशि की रसीद।
5 प्रपत्र में दर्शाये गए कार्यालय में निविदाएं स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी।
6 निविदा से सम्बंधित अन्य शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग सम्भाग क्र., इन्दौर**

**जी-26033/25**

# इंदौर संभाग को सभी वर्गों में टीम चैम्पियनशिप का खिताब

**इंदौर।** महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेस, इन्दौर के तत्वाधान में श्रीराम जिम पर संपन्न हुई मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग, पॉवर लिफ्टिंग (पुरुष/ महिला) एवं बॉडी बिल्डिंग (पुरुष) प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के खिलाड़ियों ने सभी वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करके टीम चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया । प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाराजा यशवंतराव तृतीय, ऋषि पागनीस, इंदौर संभाग के अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आरसी दीक्षित, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष, प्रो.अजय कुमार साहनी, महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. आनंद निघोजकर, एमबीए डायरेक्टर, डॉ. इरा बापना, राष्ट्रीय निर्णायक एवं विक्रम अवॉर्डी विमल प्रजापत, दरविंदर सिंह खनूजा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सभी अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मंडलोई, क्रीड़ा समन्वयक डॉ. मितेश चौधरी, प्रो. प्रवीण शर्मा, डॉ. मनोज जोशी, डॉ. प्रदीप पूरे, डॉ. शिफा गोयल, डॉ. दीप्ति बड़जात्या के द्वारा किया गया। पुरस्कार स्वरूप सभी वर्गों में विजेता खिलाड़ियों को शासन से प्राप्त प्रमाण पत्र के साथ महाविद्यालय की और से स्वर्ण , रजत, कांस्य पदक देकर सम्मानित किया । टीम चैंपियनशिप के रूप में सभी वर्गों में भी महाविद्यालय की और से चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की। व्यक्तिगत पुरस्कार वेट लिफ्टिंग में बेस्ट लिफ्टर पुरुष वर्ग में महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज के छात्र विशाल पाल और महिला वर्ग में आयुषी वर्मा को बेस्ट वेट लिफ्टर का पुरस्कार दिया गया । बॉडी बिल्डिंग में रीवा संभाग के बॉडी बिल्डर मास्टर अनुज मिश्रा ने चैम्पियन ऑफ चैम्पियन कापुरस्कार अपने नाम किया। पॉवर लिफ्टिंग में सर्वश्रेष्ठ लिफ्टर का खिताब इंदौर संभाग के अंशु कुमार, और महिला वर्ग में जबलपुर संभाग की छात्रा ने अपने नाम किया।



# अभिषेक शर्मा के खराब प्रदर्शन के पीछे उम्मीदों का बोझ : गावस्कर

**नई दिल्ली ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अभिषेक शर्मा की फॉर्म में अचानक गिरावट देखने को मिली है। अभिषेक शर्मा टी20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार तीन बार डक पर आउट हुए हैं। अभिषेक शर्मा ने इस टूर्नामेंट में अब तक सात गेंदें खेली हैं, लेकिन अभी भी अपना पहला रन बनाने और शुरुआत करने का इंतजार कर रहे हैं। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि टी20 वर्ल्ड कप में अभिषेक शर्मा के खराब प्रदर्शन के पीछे उम्मीदों का बोझ है। सुनील गावस्कर ने इस युवा ओपनर से तुरंत बड़े शॉट लगाने के लालच से बचने और इसके बजाय धैर्य के साथ अपनी पारी बनाने पर ध्यान देने को कहा है।

अभिषेक शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 टूर्नामेंट में दुनिया के टॉप रैंक वाले टी20आई बैटर और भारत के सबसे खतरनाक सिक्स-हिटर में से एक के तौर पर एंट्री की थी, लेकिन यूएसए, पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार तीन बार



डक आउट होने के साथ उनका कैंपेन बहुत खराब हो गया। सुनील गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, अभिषेक शर्मा एक अच्छा लड़का है, लेकिन उम्मीदें उस पर भारी पड़ रही हैं। अगर उसने यूएसए के खिलाफ अच्छी शुरुआत की होती, तो बात अलग होती। अब, बड़े छक्के मारने वाला और टॉप बैटर होने का प्रेशर दिख रहा है।

सुनील गावस्कर के मुताबिक 25 साल के अभिषेक शर्मा का आक्रामक रवैया उनकी पारी की शुरुआत में ही उसके खिलाफ काम कर रहा है। सुनील गावस्कर ने कहा, 'अपनी शॉट रेंज के साथ, उन्हें क्रीज पर समय बिताने की जरूरत है। वह अपनी पारी की पहली गेंद पर बाउंड्री या छक्का मारने की कोशिश नहीं कर सकता। अगर बड़े शॉट लगते हैं, तो ठीक है, लेकिन उसे खुद को लाइन के पार बड़े शॉट खेलने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए।' इसके बजाय, पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने छोटी शुरुआत के महत्व पर जोर दिया।

## सिंगल लो और शुरुआत करो

सुनील गावस्कर ने कहा, एक सिंगल लो और शुरुआत करो। चार डॉट बॉल भी मायने नहीं रखतीं। वह बाद में उनकी भरपाई कर सकता है। उन्हें शुरुआत में स्मार्ट खेलना होगा। एक या दो ओवर जमने में बिताएं, फिर अपना नैचुरल गेम खेलें। पहले, बस शुरुआत करो। हर बैटर पहला रन चाहता है। एक बार जब वह इसे हासिल कर लेता है, तो सब कुछ ठीक हो जाएगा।' जबकि अभिषेक संघर्ष कर रहा है।

# इन्दौर को हराकर नर्मदापुरम ने जीती एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी

**इंदौर।** एमपीसीए द्वारा आयोजित एमवाई मेमोरियल ट्रॉफी 2025 - 26 का खिताबी मुकाबला इंदौर के डेली कॉलेज मैदान पर खेला गया, जिसमें नर्मदापुरम ने मेजबान इंदौर को 156 रनों से पराजित कर अपने नाम किया।

चार दिनी इस मुकाबले में नर्मदापुरम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 54 ओवर में 174 रन बनाए। इंदौर ने पहली पारी में 255 रन नबाकर बढ़त हासिल की। नर्मदापुरम ने दूसरी पारी में यश दुबे (242) के दोहरे शतक की बदौलत विशाल स्कोर खड़ा किया। 8 विकेट पर 491 पर बनाकर पारी घोषित कर दी। जिसे इंदौर को 411 रनों का लक्ष्य मिला। लेकिन इंदौर की टीम 254 रन ही बना सकी। पुरस्कार वितरण एमपीसीए सचिव सुधीर असनानी, हर्षवर्धन सिंह, संजीव दुआ, अनुराग मिश्रा, मौजूदगी में दी गई। अवार्ड फंक्शन की स्कोरशीट और फोटोग्राफ साथ में हैं।

# महेश की घातक गेंदबाजी



**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वाधान में आयसीसी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत संजय लुणावत फाउण्डेशन एवं महू स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें संजय लुणावत फाउण्डेशन ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 9 विकेट पर 119 रन बनाये। यशराज चौहान ने 4 विकेट लिये । जवाब में महू स्पोर्ट्स की टीम 19 ओवरो में 99 रनों पर सिमट गई ओर यह मैच 20 रनों के अंतर से हार गई । महेश डामोर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर 5 विकेट एवं अक्षत बुन्देला ने 13 रन देकर 3 विकेट लिय ।

# एमवायसीसी की आसान जीत





**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वाधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत दूधिया रोशनी में एमवायसीसी एवं मास्टर ब्लास्टर एकेडमी के मध्य मैच खेला गया जिसमें मास्टर ब्लास्टर एकेडमी ने खेलते हुए 20 ओवरो में 180 रन बनाये। करन तिवारी ने नाबाद आक्रामक 92 रन बनाये। वैंकटेश अय्यर एवं हर्षवर्धन ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी की टीम ने 14 ओवरो में 3 विकेट खोकर 182 रन बना लिये और यह मैच 7 विकेट से जीत लिया । चंचल राठौर ने 4 चौके व 7 छक्के की मदद से आक्रामक 62 रन एवं आयपील खिलाडी व पूर्व भारतीय खिलाडी वैंकटेश अय्यर ने भी 3 चौके व 4 छक्को की मदद से दोहरा प्रदर्शन करते हुए 49 रन बनाये।

# सीसीआय मैच जीता



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच स्टार क्लब एवं सीसीआय के मध्य खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 9 विकेट खोकर 150 रन बनाये । सार्थक ओझा ने 55 रन बनाये। अर्पित पटेल ने 4 विकेट लिये । जवाब में सीसीआय ने 19 ओवरो में 5 विकेट खोकर 151 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से जीत लिया । कार्तिक परिहार ने 54 रन बनाये।

# रितिक और प्रतीक का चयन राष्ट्रीय कबड्डी दल में



**इन्दौर।** मध्य प्रदेश एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन द्वारा खंडवा में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के आधार पर मध्य प्रदेश टीम का चयन किया गया। जिसमें विक्रम स्पोर्ट्स क्लब के रितिक ठाकरे एवं प्रतीक चौधरी का चयन रेडर के रूप में किया गया । इसके अलावा इंदौर से हिमांशु चौधरी एवं गणेश रघुवंशी का भी चयन हुआ है । मध्य प्रदेश टीम बड़ोदरा गुजरात में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता जो 24 से 27 फरवरी तक आयोजित होगी, में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस चयन पर दोनों खिलाड़ियों को अशोक मिश्रा, राजू चौहान, राम प्रकाश गौतम, क्रीड़ा भारती के हरीश डागुर, मन्नालाल बिंदोरिया, सुनील ठाकुर, लक्ष्मण गीते, भागीरथ जरिया, राजेंद्र काशिद व अन्य संस्थाओं ने बधाई प्रेषित की एवं राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

# सिंधिया गोल्ड कप में कल दो मुकाबले खेले गए

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अ.भा. माधव राव सिंधिया गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा के नवे दिन कल दो मुकाबले खेलें गए। खिलाड़ियों से परिचय भाजपा नेता प्रिंसपाल टोंग्या एवं अध्यक्ष मुकेश शर्मा, रमेश झिरवार, सरदार मालवीय ने लिया।

इंदौर रोड फुटबॉल क्लब महू और सेंट्रल बैंक मुंबई के



बीच खेला गया, मुकाबला बगैर निर्णय के बराबरी पर रहा। ट्राय ब्रेकर में सेंट्रल बैंक मुंबई ने 4-3 से जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। स्पर्धा का दूसरा और बहुचर्चित मुकाबला चित्तौड़ फुटबॉल क्लब और मॉर्निंग फुटबॉल क्लब नीमच के बीच खेला गया। चित्तौड़ फुटबॉल क्लब ने 4-3 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। शैलेंद्रसिंह चौहान, सुरेश वैद्य, डैनी हतुनिया, शकील अता, शशि यादव, मोहम्मद इस्लामुद्दीन, मनीष जैन, अयाज गुड्डू, मोमिन, अमजद मंसूरी, आयुष शर्मा, अजय यादव, कमल पवार, बाबा पिल्लई, प्रद्युम्न वर्मा, सुमित वर्मा, रमेश गाइड, गोविन्द पटेल, सुन्दरदास हेमनानी उपस्थित थे।

# एमडी ड्रग्स के साथ शातिर बदमाश को दबोचा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंदन नगर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक शातिर अपराधी को अवैध मादक पदार्थ एमडी के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 90 हजार रुपये आंकी जा रही है।



थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि चंदन नगर स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स के पीछे खाली मैदान में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। सूचना पर उप निरीक्षक साबिर मंसूरी और टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस को देख भागने का प्रयास कर रहे आरोपी पंकज पिता लिंबा बानोत निवासी स्कीम नंबर 71 को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 9 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एमपी-09 डीटी 9298 भी जब्त की है।पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पंकज एक शातिर और सूचीबद्ध अपराधी है। उस पर पूर्व में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, संरक्षण और मारपीट जैसे 4 गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी खुद भी नशे का आदी है और अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए शहर में ड्रग्स की सप्लाई करता था। पुलिस अब आरोपी से यह उगलवाने का प्रयास कर रही है कि वह यह खेप कहाँ से लाया था और इंदौर में उसके संपर्क किन-किन लोगों से हैं।

# नशे की 1200 प्रतिबंधित टैबलेट के साथ एमआर और फैब्रिकेशन कारीगर गिरफ्तार







**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर में अवैध मादक पदार्थों और नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खजराना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर दबिश देकर दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टैबलेट और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 96 हजार रुपये आंकी गई है।

थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान अकरम उर्फ चिटकू निवासी इलियास कॉलोनी और साहिल निवासी गणेश नगर, खंडवा नाका के रूप में हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी साहिल डिप्लोमा शिक्षित है और मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के रूप में कार्य करता है, वहीं अकरम फैब्रिकेशन का काम करता है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे स्वयं भी नशे के आदी हैं। अपनी लत और आर्थिक लालच को पूरा करने के लिए वे बाहर से सस्ते दामों पर प्रतिबंधित टैबलेट की खेप मंगवाते थे और शहर के अन्य नशेड़ियों को ऊंचे दामों पर बेचते थे। आरोपियों के पास से मिली 1200 टैबलेट के संबंध में वे कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस पेश नहीं कर सके।पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें रिमांड पर लिया है। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां उन्हें कहाँ से सप्लाई की जा रही थीं और इस गिरोह में अन्य कौन-कौन शामिल हैं।

# लुटेरी दुल्हन ने प्रेमी को भाई बताकर वकील से रचाई शादी

## *शिलांग ले जाकर जहर देने की कोशिश, मैट्रिमोनियल साइट के जरिए बुना था जाल, लाखों के जेवर लेकर फरार*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की तर्ज पर एक और रोंगटे खड़े कर देने वाली साजिश का खुलासा हुआ है। एक शातिर महिला ने खुद को तलाकशुदा बताकर एक वकील से शादी की और अपने प्रेमी को सगा भाई बताकर घर में एंट्री दिला दी। साजिश यहीं नहीं रुकी, आरोपी महिला पति को शिलांग ले गई, जहाँ उसे जहर देकर हत्या करने का प्रयास किया गया। गनीमत रही कि पीड़ित समय रहते सचेत हो गया और पूरी कहानी परत-दर-परत खुलती चली गई।

खुड़ैल पुलिस के मुताबिक, पीड़ित वकील ने उत्तर प्रदेश निवासी नीलिमा सेंगर का प्रोफाइल एक मैट्रिमोनियल साइट पर देखा था। नीलिमा ने खुद को तलाकशुदा बताया और मेल-जोल बढ़ाकर शादी कर ली। शादी के कुछ समय बाद शुभम सेंगर उर्फ गुप्ता नाम के युवक का घर आना-जाना शुरू हुआ, जिसे नीलिमा ने अपना भाई बताया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि नीलिमा उन्हें घूमने के बहाने शिलांग ले गई। वहां खाने में कुछ संदिग्ध पदार्थ मिलाया गया, जिससे वकील की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें खून की उल्टियां हुईं। पीड़ित का आरोप है कि उसे सुनसान इलाके में ले जाकर खाई में धक्का देने की भी योजना थी, ताकि इसे एक दुर्घटना का रूप दिया जा सके। शक होने पर जब वकील ने सख्ती से पूछताछ की, तो महिला ने इनकार कर दिया, लेकिन सच्चाई कोर्ट के दस्तावेजों ने उगल दी। वकील ने जब नीलिमा के पिछले तलाक के कागजात निकलवाए, तो होश उड़ गए। दस्तावेजों में महिला के पूर्व पति ने साफ तौर पर उल्लेख किया था कि शुभम उसका भाई नहीं, बल्कि प्रेमी है। यही नहीं, शुभम का असली सरनेम 'सेंगर' नहीं बल्कि 'गुप्ता' निकला। पोल खुलते ही नीलिमा घर से लाखों के जेवर समेटकर फरार हो गई। फोन पर हुई बातचीत में उसने यह स्वीकार भी किया कि शुभम ही उसका प्रेमी है।इस मामले में पुलिस ने आरोपी नीलिमा और उसके साथी शुभम गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

# प्रॉपर्टी के नाम पर 2.84 करोड़ ठगे

## तीन लोगों पर केस दर्ज

**इंदौर।** शहर में जमीन और जायदाद दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक परिवार के खिलाफ हीरा नगर पुलिस ने शिकंजा कसा है। आरोपियों ने शहर की प्राइम लोकेशन पर प्रॉपर्टी दिलाने का झांसा देकर कई लोगों से लगभग 2.84 करोड़ रुपये हड़प लिए और न तो जमीन दिलाई और न ही पैसा वापस किया।

पुलिस के मुताबिक, सुंदर नगर मेन रोड निवासी 32 वर्षीय नरेंद्र कुमार सागर और उनके अन्य साथियों ने इस धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादियों ने बताया कि नेहरू नगर निवासी दीपेश रायकवार, शीला रायकवार और आकांक्षा रायकवार ने उन्हें इंदौर में अच्छी प्रॉपर्टी दिलाने का आश्वासन दिया था। आरोपियों की बातों में आकर फरियादियों ने अलग-अलग किस्तों में कुल 2 करोड़ 84 लाख 24 हजार रुपये ऑनलाइन और अन्य माध्यमों से ट्रांसफर कर दिए।रकम लेने के बाद जब लंबे समय तक प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री नहीं हुई, तो पीड़ितों ने अपनी रकम वापस मांगी। इस पर आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे और अंत में पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। हीरा नगर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और साजिश रचने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# होटल मेरियट में देर रात बज रहे डीजे पर कार्रवाई कर उपकरण किए जब्त

**इंदौर।** शहर में शादी एवं पार्टियों में निर्धारित समय-सीमा के बाद तेज ध्वनि में साउंड सिस्टम संचालन पर रोक के निर्देशों के तहत विजय नगर पुलिस ने होटल मेरियट में आयोजित एक समारोह पर कार्रवाई की है। विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित होटल मेरियट के ग्राउंड में आयोजित विवाह समारोह में देर रात तेज आवाज में साउंड सिस्टम चलने की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल के नेतृत्व में गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर संचालन में उपयोग किए जा रहे उपकरण जब्त कर लिए। कार्यवाही के दौरान इवेंट संचालक मौके पर उपस्थित नहीं मिला।बाद में उसे थाने बुलाकर प्रकरण दर्ज किया गया हैं।

# भीड़ ने 'बच्चा चोर' समझकर की थी मारपीट, पुलिस ने देवदूत बनकर बचाया, अब परिवार से मिलवाया

## सोशल मीडिया बना मददगार, अफवाह फैलाने और कानून हाथ में लेने वालों पर पुलिस का शिकंजा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भंवरकुआं पुलिस की तत्परता और मानवीय पहल ने एक विक्षिप्त महिला को मौत के मुंह से निकालकर उसके अपनों तक पहुंचा दिया। मेरठ उत्तर प्रदेश से भटककर इंदौर पहुंची इस महिला को भीड़ ने 'बच्चा चोर' समझकर निशाना बनाया था। पुलिस ने न केवल उसे भीड़ से सुरक्षित बचाया, बल्कि 11 दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर इंदौर पुलिस का मानवीय चेहरा पेश किया है।

घटना 7 फरवरी की है, जब जीत नगर क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में घूम रही महिला रेखा को कुछ लोगों ने 'बच्चा चोर' की अफवाह फैलाकर पीटना शुरू कर दिया था। सूचना पर पहुंची भंवरकुआं पुलिस महिला को थाने लाई। पूछताछ में पता चला कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ है और अपना नाम-पता बताने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने तत्काल सोशल मीडिया पर महिला की फोटो साझा की और मेरठ पुलिस से भी संपर्क साधा।

### 11 दिन बाद मेरठ से इंदौर पहुंचे परिजन

सोशल मीडिया पर वायरल हुई जानकारी मेरठ तक पहुंची, जहाँ महिला के पति सुंदरलाल ने अपनी पत्नी को पहचाना। 18 फरवरी को परिजन इंदौर पहुंचे और आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद गुरुवार को रेखा को सकुशल उन्हें सौंप दिया गया। परिजनों ने रुंधे गले से इंदौर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### कानून हाथ में लेने वालों पर एफआईआर

पुलिस ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए अफवाह फैलाने और महिला के साथ मारपीट करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ वैधानिक प्रकरण दर्ज किया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।